भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ की मुहिम लाई रंग

# जयपुर की कम्पनी शारजाहं भेजेगी 1000 मीट्रिक टन गाय का गोबर

## 7 राज्यों की 400 गोशालाओं से करेंगे गाय के गोबर की पूर्ति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विदेशियों को जैविक खेती बेहद रास आ रही है। मुस्लिम बहुल देश कुवैत के कृषि वैज्ञानिकों ने हाल ही रिसर्च में दावा किया था कि खेती के लिए गाय का गोबर बेहद उपयोगी है। इसके बाद पिछले माह जयपुर से कुवैत 192 मीट्रिक टन गोबर भेजा गया था। कुवैत के बाद अब शारजाह ने भी पांच गुना अधिक गाय के गोबर की डिमांड की है। जयपुर की प्रताप नगर स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला सनराइज एग्रीलैंड डवलपमेंट एंड रिसर्च प्रा.लि. को अब शारजाह के लिए 1000 मीट्रिक टन गोबर निर्यात का ऑर्डर मिला है। खास बात यह कि इस बार सनराइज कंपनी जयपुर से ही नहीं बल्कि राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, टोंक व कोटा जिले के साथ-साथ सात अन्य राज्यों की करीब 400 गोशालाओं से देसी गाय का गोबर खरीदेगी।

गौरतलब है कि विदेशों में गोबर की मांग लगातार बढ़ रही है, इसी के तहत प्रदेश की अन्य गोशालाओं से भी गोबर खरीदकर संघ उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेगा। इसी के तहत कोटा, टोंक, पाली, जोधपुर, बाड़मेर व जैसलमेर की करीब 200 गोशाला संचालकों ने गाय का गोबर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव दिए हैं। इसी के साथ तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, मध्यप्रदेश की भी 150 से ज्यादा गोशालाओं ने गोबर उपलब्ध कराने पर सहमति दी है। उन्होंने कहा कि डिमांड के अनुसार राजस्थान की गोशालाओं से प्राथमिकता के आधार पर गोबर खरीदा जाएगा।

### प्रदेश में 1.39 करोड़ गोधन, देश में दूसरे स्थान पर

एक एकड़ जमीन को जैविक भूमि में बदलने के लिए करीब तीन हजार किलोग्राम (30 क्विंटल) गोबर की आवश्यकता होती है। 20वीं पशु जनगणना के मुताबिक राजस्थान में कुल पशुधन 56.8 मिलियन (5.68 करोड़) है। यह भारत में दूसरे स्थान पर है। इनमें से केवल 13.9 मिलियन (1.39 करोड़) गाय है। वहीं, प्रदेश में कुल 3525 रजिस्टर्ड गोशालाओं में 11 लाख 75 हजार 533 गोवंश है। एक गाय चौबीस घंटे में करीब 8-10 किलोग्राम गोबर करती है। इस लिहाज से केवल गोशालाओं में 9 करोड़ 40 लाख 4264 किलोग्राम गोबर रोजाना होता है। गल्फ कंट्रीज को अब गाय के गोबर से जैविक खेती के मायने समझ आने लगे हैं। इन देशों से गाय का गोबर खरीदने के लिए लगातार इनक्वायरी आनी शुरू हो गई हैं।

**कुवैत** के बाद शारजाह ने गोबर की मांग की है। पहले के मुकाबले पांच गुना ज्यादा गोबर जाएगा, इसलिए प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से भी मदद लेनी होगी। अगस्त के आखिरी तक ये ऑर्डर पूरा करना होगा। गोबर की उपयोगिता को देखते हुए हरियाणा व उत्तरप्रदेश की सरकारों ने पशुपालकों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है।

**-डॉ. अतुल गुप्ता,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ

तैयारी : ट्रैफिक सिस्टम होगा अपग्रेड

# रि-डिजाइन होंगे 50 नए चौराहे व तिराहे

## पहले फेज में 34, दूसरे में 16 चौराहों को सुधारा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर शहर का ट्रैफिक सिस्टम जल्द ही अपग्रेड किया जाएगा। चौराहों और तिराहों पर लगे 234 सिग्नल का टाइमिंग रिसेट होगा। कुछ चौराहों पर ग्रीन लाइट का समय बढ़ाया जाएगा तो कुछ पर रेड लाइट का टाइमिंग बदलने की तैयारी है। इसके अलावा जयपुर में 50 नए ट्रैफिक पॉइंट्स बनाए जा रहे हैं। पहले फेज में 34 चौराहे/तिराहे और 16 चौराहे दूसरे फेज में सुधारे जाएंगे। ट्रैफिक सिग्नल के अलावा रोड स्ट्रिप, ब्लिंकर्स, राइट तथा लेफ्ट टर्निंग लेन और जेब्रा क्रासिंग बनाई जाएगी।

साथ ही, 74 ब्लैक स्पॉट को भी सही किया जाएगा। यह सभी काम ट्रैफिक पुलिस व जेडीए करेंगे। इस पर 3.80 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ट्रैफिक लाइट्स, कैमरे व कंट्रोल रूम के मेंटेनेंस के लिए जेडीए ने 2 करोड़ रुपए के वर्क ऑर्डर भी जारी किए हैं। बाकी काम एआरसी यानी एनुवल रेट कांट्रेक्ट पर होगा। गौरतलब है कि ब्लैक स्पॉट और खराब चौराहों पर दो साल में 401 दुर्घटनाओं में 199 लोगों की मौत हुई है। ट्रैफिक रिकार्ड के मुताबिक दिन में 238 और रात में 163 एक्सीडेंट हुए हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने 6 इंटरसेप्टर मांगी, 176 कैमरे सुधारने को कहा

234 सिग्नल, एटीसीएस, कैमरे, ब्लिंकर्स, टाइमर, 58 एटीसीएस जंक्शन पर 176 कैमरे, ब्लिंकर्स व 281 टाइमर लगे हैं। 23 एसी ब्लिंकर्स. 258 सोलर ब्लिंकर्स हैं। जेडीए ने 6 इंटरसेप्टर मांगी है। कंट्रोल रूम में टेक्नीकल स्टाफ लगाने और सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर तथा एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए पत्र लिखा है।

### जेडीए ने इनको माना खतरनाक

जेडीए चौराहा, त्रिमूर्ति सर्किल, आरटीओ ऑफिस, प्रेम नगर पुलिया, एनआरआई चौराहा से अक्षय पात्र, जगतपुरा पुलिया से 7 नं. बस स्टैंड, इंडिया गेट, अपेक्स सर्किल, बालाजी तिराहा, गौशाला, बी-2 बाइपास, कुम्भा मार्ग-टोंक रोड, ओटीएस चौराहा, लूणियावास बस स्टैंड, खानिया, तिलक हॉस्पिटल पालड़ी मीणा, बैनाड़ मोड़, बिहारीपुरा मोड़, बस्सी चक, झर, बांसखो फाटक, जटवाड़ा, कानोता बस स्टैंड, शहीद की पुलिया, माली की कोठी बगराना, 52 फीट हनुमान मंदिर के सामने, लालगढ़ बस स्टैंड, 200 फीट चौराहा, गरूड़वासी, निमड़िया मोड़, रामपुरा नला, चाकसू कट, बीलवा तिराहा, 12 मील-टोंक रोड, द्वारकादास पार्क के पास, एलिवेटेड रोड सोडाला, भांकरोटा, राज चिड़िया कट, महापुरा मोड़, बिलोंची, राजावास, बड़ पीपली, टोडी मोड़, नींदड़ मोड़, हाथोज, माचवा, कालवाड़, रामला का बास, लोहा मण्डी कट एक्सप्रेस हाईवे, बढ़ारना एक्सप्रेस हाईवे, भवानी निकेतन से खेतान चौराहा, रोड नं.14 सीकर रोड, कलेक्ट्री सर्किल, पानीपेच तिराहा से शनि मंदिर तक, अंबाबाड़ी कट समेत की चौराहे खतरनाक हैं।

### हादसे वाले चौराहों में सुधार होगा

जयपुर का ट्रैफिक सिस्टम अपग्रेड कर रहे हैं। जिन चौराहों और तिराहों पर अक्सर हादसे होते है।, वहां खामी दूर की जाएगी। 50 नए ट्रैफिक पाइंट्स बनाए जाऐंगे। ब्लैक स्पॉट भी ठीक होंगे।

**- संजय शर्मा,** एसीपी, ट्रैफिक

जेडीए ने 34 प्रमुख चौराहों के सुधार की प्लानिंग बनाई है। इसके अलावा 74 ब्लैक स्पॉट भी हैं, जिन्हें रि-डिजाइन किया जाएगा। साथ ही सभी चौराहों का सौंदर्य करण किया जाना है।

**-अजय गर्ग,** डायरेक्टर इंजीनियर

30 हजार से ज्यादा CCTV करेंगे 1376 परीक्षा केंद्र की निगरानी

# 21 से 26 जुलाई तक रोडवेज में फ्री सफर कर सकेंगे रीट अभ्यर्थी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म होने वाला है। 23 और 24 जुलाई को 46,500 पदों के लिए रीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने वाले 15 लाख से ज्यादा अभ्यार्थी 21 जुलाई से 26 जुलाई तक राजस्थान रोडवेज की बसों में फ्री में सफर कर सकेंगे। दो दिन चार परीक्षा में होने वाली भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड 17 जुलाई तक जारी होंगे।

### CCTV से होगी निगरानी

रीट में नकल रोकने के लिए प्रदेशभर के 1376 परीक्षा केंद्रों की 30 हजार से ज्यादा CCTV से निगरानी की जाएगी। जिसकी मॉनिटरिंग शिक्षा विभाग के साथ पुलिस के अभय कमांड सेंटर को भी दी जाएगी। वहीं परीक्षा केंद्र पर पेपर आने से लेकर फिर से पेपर जाने तक के हर पर की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाई जाएगी। अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं कलेक्टर के वेरिफिकेशन के बाद ही परीक्षा केंद्र पर कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। इस दौरान केंद्र पर तैनात कर्मचारी भी मोबाइल का इस्तमाल नहीं कर सकेंगे।

### 6 दिन राजस्थान रोडवेड में फ्री सफर

रीट परीक्षा में 15 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में अभ्यर्थियों के आने-जाने के लिए रोडवेज बसों में फ्री सफर की राहत दी है। जिसके तहत राजस्थान सीमा में 21 जुलाई से 26 जुलाई तक रीट अभ्यार्थी अपना एडमिट कार्ड दिखाकर प्रदेश में कहीं भी फ्री में सफर कर सकेंगे। वहीं बाहरी राज्यों से आने वाले लगभग दो लाख अभ्यर्थियों के लिए उनके नजदीकी स्टेशन से ट्रेन और बसों की व्यवस्था भी की जाएगी।

पहली बार सरकारी अस्पताल में सुविधा, 12.41 करोड़ रुपए खर्च

# जयपुरिया में स्मार्ट पार्किंग, एक साथ 600 वाहन पार्क हो सकेंगे, सेंसर से आग बुझेगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी में पहली बार किसी सरकारी अस्पताल में स्मार्ट पार्किंग बनाई गई है। जयपुरिया में 12.41 करोड़ से 1150 स्क्वायर फीट में बनाई गई पार्किंग में एक साथ 600 वाहन (160 कार और 435 दो पहिया) खड़े हो सकेंगे। एंट्री करते ही डिस्प्ले बोर्ड से पता चल जाएगा कि पार्किंग के लिए जगह है या नहीं? साथ ही, आग लगने पर ऑटोमेटिक सेंसर आग पर काबू पा लेगा। पार्किंग स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बनाई गई है। निगम ने पार्किंग बीओटी (बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर) मॉडल के तहत तैयार की है। जल्द ही इसे लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर मेडिकल दुकानें भी बनाई जाएंगी।

### 1 लाख ली. का टैंक, स्प्रिंकलर से आग बुझाई जा सकेगी

आग लगने पर स्प्रिंकलर से बुझाई जाएगी। इसमें जगह-जगह सेंसर लगाए गए हैं। पार्किंग की छत पर 1 लाख




लीटर पानी का टैंक है। जैसे ही पार्किंग में आग या धुंआ उठता है तो ये सेंसर एक्टिव हो जाएंगे। सायरन बजना शुरू हो जाएगा। दूसरी ओर, पार्किंग शुरू होने से सड़कों पर जाम नहीं लगेगा। शुरूआत में पार्किंग 25 साल के लिए दी जाएगी। जयपुरिया के अधीक्षक डॉ. महेश मंगल का कहना है कि अस्पताल में स्मार्ट पार्किंग बन कर तैयार हो गई है। जल्द ही इसे लोगों के लिए शुरू की जाएगी।

# राजस्थान के कॉलेजों में 16 जुलाई तक होंगे एडमिशन

## कोरोना पीड़ित परिवार के बच्चों को फ्री, सेना-पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिलेगा 3% रिजर्वेशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन के लिए अब स्टूडेंट्स से 16 जुलाई तक अप्लाई कर सकेंगे। CBSE 12वीं का रिजल्ट नहीं आने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने आवेदन की आखरी तारीख आगे बढ़ाने का फैसला लिया। कॉलेज एजुकेशन अकादमिक के सयुक्त निदेशक डॉ के एल सिराधना ने बताया कि पहले आवेदन की आखरी तारीख 9 जुलाई निर्धारित की गई थी। लेकिन CBSE बोर्ड का रिजल्ट जारी नहीं होने की आवेदन की तारीख आगे बढ़ाई गई है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी में 27 जून से 9 जुलाई तक अंडर ग्रेजुएशन कोर्सेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसके तहत राजस्थान में 450 से ज्यादा सरकारी कॉलेज में पांच लाख 8000 स्टूडेंट्स, जबकि 2000 से ज्यादा प्राइवेट कॉलेज में 8 लाख स्टूडेंट्स एडमिशन के लिए अप्लाई कर सकते थे। लेकिन CBSE का रिजल्ट नहीं आने की वजह से अब तक सिर्फ RBSE के स्टूडेंट्स ही एडमिशन के लिए अप्लाई कर पाए थे। ऐसे में अब उच्च शिक्षा विभाग ने CBSE के स्टूडेंट्स को बड़ी राहत दी है।

### जयपुर जिले में 51 नवचयनित पटवारियों को मिली नियुक्ति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर पटवार सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा 2021 के तहत चयनित किए गए 51 अभ्यर्थियों को जयपुर जिले में पटवारी के पद पर नियुक्त किया गया है। चयनित किए गए अभ्यर्थियों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिविक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में निर्धारित की गई शर्तों के अनुसार कार्य करना होगा।




ANCHOR
जीएसटी का विरोध

# आटा, दाल, चावल को जीएसटी मुक्त करे सरकार, नहीं तो होगा आंदोलन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खुले आटा, दाल, चावल को जीएसटी के दायरे में लाने का चौतरफा विरोध हो रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने कहा कि छोटी चक्कियों वाले, छोटी दाल मिल वाले, ट्रेडर्स के जरिए उपभोक्ता को गेहूं, आटा, दाल, चावल पहुंचाते थे। अब मजबूरन आटा, चावल, दाल सभी पर जीएसटी देकर ही उपभोक्ता इन कृषि जिंसों को खरीद सकेगा। गुप्ता ने केंद्र सरकार से मांग की है कि गेहूं, आटा, चावल, दाल पर कोई जीएसटी नहीं लगाए। तथा आटा, चावल, दाल बनाने वाली मशीनों पर भी प्रतिशत से 18 प्रतिशत बढ़ाए गए जीएसटी को वापस ले। वहीं, तेल की पैकिंग पर मिल रहे रिफंड को चालू रखें। यदि 11 जुलाई तक इसे वापस नहीं लिया गया तो भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को बाध्य होकर देशव्यापी आंदोलन का निर्णय लेना पड़ेगा। इसकी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की होगी।




### 7300 मण्डियों ने किया घोर विरोध

**गुप्ता** ने बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्य देश की 7300 मण्डियां, 13 हजार दाल मीलें, 9600 चावल मीलें, 8 हजार आटा मीलें तथा 30 लाख चक्कियां और 3 करोड़ खुदरा व्यापारी ने इस जीएसटी काउंसिल की अनुशंसा की घोर निंदा की है। आटे, चावल, दाल पर जो आम आदमी की खाने की वस्तु है। इन्हें भी जीएसटी के दायरे में लाया गया है। केन्द्र सरकार 80 करोड़ लोगों को अनाज वितरण करती हैं, तो क्या बाकी 60 करोड़ के लिए यह कर लगाया गया है, जिसमें मध्यम वर्ग की संख्या 55 करोड़ है, जिसमें 5 करोड़ उच्च वर्ग है। सबसे बड़ी दिक्कत तो मध्यम वर्ग हो होगी, जिसका खर्चा बढ़ रहा है, आय नहीं। इसमें छोटे और मध्यम श्रेणी के उद्योग तथा व्यापारी भी शामिल है।

### ट्रेड और उद्योग पर भार डाला

**गुप्ता** का कहना है कि कोराना काल से छोटे-छोटे तथा मध्यमवर्गीय व्यापारी तथा उद्योग अभी उभर भी नहीं पाए हैं। एक तो सीधे गेहूं, आटा, चावल, दाल पर जीएसटी लगाकर एक बहुत बड़ा भार जीएसटी का ट्रेड और उद्योग पर डाला जा रहा है। इसके साथ ही इसी जीएसटी काउंसिल में दाल, गेहूं, चावल को साफ करने वाली मशीन पर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत जीएसटी संधारित कर दिया है। यही नहीं तेल के पैकिंग पर लगने वाली जीएसटी का रिफण्ड भी समाप्त कर दिया है।



राजस्थान में फिर 'ऑपरेशन लोटस' की आशंका!

# गहलोत ने सियासी संकट को याद किया, कभी भी आक्रमण संभव-सिन्हा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर दो साल पहले राजस्थान में बीजेपी पर सरकार गिराने के षडयंत्र का आरोप दोहराते हुए पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर लिया। यूपीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के विधायकों से मुलाकात के दौरान गहलोत ने महाराष्ट्र और गोवा में हुई सियासी उठापटक के बहाने राजस्थान के सियासी संकट को याद किया। उधर सिन्हा ने अब भी सरकार गिराने की आशंका जताते हुए षड़यंत्र से सावधान रहने की नसीहत दी है।

सीएम ने कहा- राजस्थान में भी सरकार गिराने की कोशिश में उस वक्त कमी नहीं रखी थी। खूब गुमराह किया हमारे लोगों को। हमारे लोगों को समझ में आ गई। उनके समझ में आ गई ये बहुत बड़ी बात है। मैं उनका सबका आभारी हूं जिनको समझ में आ गई, क्योंकि हमारी सरकार चली जाती और अभी मैं आपके सामने बैठा ही नहीं होता।

आप सबकी दुआओं से मैं बैठा हुआ हूं और मुझे गर्व है कि हमारे साथियों ने साथ दिया। विपक्ष के जो साथी चाहे वो सीपीएम के थे, चाहे बीटीपी के थे और चाहे वो इंडिपेंडेंट थे, सबने हमारा साथ दिया और हम लोग सरकार बचा ले गए, वरना उनका तो पूरा षड़यंत्र था। थोक भाव में MLA खरीदने का नया फॉर्मूला लेकर आ गएसीएम अशोक गहलोत ने कहा- सरकारें गिराई जा रही हैं, मैं प्रधानमंत्री जी और अमित शाह जी से पूछना चाहूंगा कि 70 साल में आप ये नया फॉर्मूला कहां से लेकर आ गए? थोक भाव में आप एमएलए को खरीदने लग गए । पहले सुनते थे कि कोई इक्का-दुक्का चला जाता था, अब तो थोक भाव में ही 50 लोग सीधे महाराष्ट्र के अंदर चले गए। आप सोच सकते हैं कि नया फॉर्मूला आ गया है। गोवा, मणिपुर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में नया फॉर्मूला चलाया, लेकिन राजस्थान आपके आशीर्वाद से बच गया।

### सिन्हा बोले- लगातार सावधानी की जरूरत है, कभी भी आक्रमण

यशवंत सिन्हा ने राजस्थान में फिर से सरकार गिराने के षडयंत्र की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सावधान रहने की नसीहत दी है। यशवंत सिन्हा ने कहा- ऐसा माहौल मैंने कभी नहीं देखा। केवल वे ही राज करना चाहते हैं, दूसरे को राज नहीं करने देंगे। राजस्थान में जो खेल हुआ, अशोक गहलोत को बधाई कि उन्होंने मुकाबला किया और उन लोगों को हराया। लगातार सावधानी की आवश्यकता है, वे कभी भी आऱ मण कर सकते हैं।

## जागरूक खबरें

### मुरलीपुरा में सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल का गरीब बच्चों को उपहार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर विधान सभा क्षेत्र मुरलीपुरा स्कीम में सरकारी अंग्रेजी माध्यम की तीसरी स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो गई, जिसमें 255 अभाव ग्रस्त परिवारों के बच्चों को प्रवेश मिला। कांग्रेसी विधायक प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल के प्रयासों से यह संभव हुआ। 7 विद्यार्थियों के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया के लिये स्कूल प्रशासन एवं एस.डी.एम.सी. के सदस्यों का सहयोग भी सराहनीये रहा। इस बारे में नागरिक सेवा समूह के संयोजक नगेन्द्र वशिष्ठ ने आशा व्यक्त की है कि इस विद्यालय में हिंदी माध्यम को भी पूर्ववत चलते रखना चाहिए, भले ही विद्यालय को दो पारियों में ही चलाना पड़े। ऐसा नहीं होने पर हिंदी माध्यम वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### भगवा रक्षा दल का विस्तार





**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर दल के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ अनिल शर्मा कोटा को दल में राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं स्वामी लोघेश्वर महाराज एटा (उत्तर प्रदेश) को युवा मोर्चा राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा है कि उपरोक्त पदाधिकारी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ दल का विस्तार करते हुए अगली सूचना तक पद पर कार्य करते रहेंगे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

प्रदेश में विस चुनाव में करीब सवा साल बाकी

# मंत्रियों की परफॉर्मेंस परखेगी कांग्रेस, 21-22 को प्रजेंटेशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव में करीब सवा साल बाकी है लेकिन सियासी सरगर्मी बढ़ती दिख रही है। भाजपा माउंट आबू में मंथन में जुटी है जबकि कांग्रेस सरकार अपने मंत्रियों की परफॉर्मेंस जांचने वाली है। इसके लिए 21 व 22 जुलाई को ओटीएस में चिंतन शिविर लगाएगी। इसे मंत्रिमंडल फेरबदल के लिए हो रही कसरत के रूप में लिया जा रहा है। दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में सीएम अशोक गहलोत सहित सरकार के सभी मंत्री, विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव मौजूद रहेंगे। शिविर में सरकार की बजट घोषणाओं और जन घोषणाओं का रिव्यू होगा।

### मंत्रिमंडल में आखिरी फेरबदल के लिए कसरत

अप्रैल में डूंगरपुर जिले में रतनपुर बॉर्डर पर कांग्रेस की गौरव यात्रा के दौरान सीएम गहलोत ने कहा था- गोविन्द सिंह डोटासरा, रघु शर्मा और हरीश चौधरी तो अपनी मर्जी से हटे हैं। ये चाहें तो मंत्रिमंडल में कभी भी वापस शामिल हो सकते हैं। पिछले साल 21 नवंबर को मंत्रिमंडल विस्तार के दिन सीएम गहलोत के साथ पीसीसी में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने भी एक और मंत्रीमंडल फेरबदल के संकेत दिए थे। कहा था- जल्दी ही मंत्रियों की परफॉर्मेंस के आधार पर फिर से फेरबदल होगा। चिंतन शिविर को इन्हीं संकेतों से जोड़कर देखा जा रहा है। अब चिंतन शिविर से तय होगा कि किस मंत्री का महकमा पास हुआ और किसका फेल।

### अभी गहलोत के अलावा 19 कैबिनेट और 10 राज्यमंत्री

अभी सीएम अशोक गहलोत के अलावा 29 मंत्री हैं। इनमें 19 कैबिनेट मंत्री, 10 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। इनमें 12 को पिछले साल विस्तार के बाद जगह मिली थी। इनमें 8 कैबिनेट व 4 राज्य मंत्री हैं। पिछले साल शामिल कैबिनेट मंत्रियों में हेमाराम चौधरी, विश्वेंद्र सिंह, रमेश मीणा, महेंद्रजीत मालवीय, रामलाल जाट, गोविंदराम मेघवाल, शकुंतला रावत, महेश जोशी हैं। राज्य मंत्रियों में बृजेंद्र ओला, मुरारीलाल मीणा, राजेंद्र गुढ़ा, जाहिदा खान हैं। माना जा रहा है कि इस चिंतन शिविर का सर्वाधिक असर सरकार के गठन के समय से मौजूद मंत्रियों पर पड़ेगा। हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार के समय यूडीएच, कृषि, सहकारिता और खान-पेट्रोलियम को छोड़कर शेष विभागों के मंत्रियों के महकमे भी बदले गए थे।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing
★ Digital Marketing
★ Whatsapp Marketing
★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development
★ Android Development
★ Software Development
★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com



**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# आबे अलविदा

**सबसे** लंबे समय तक जापान के प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे अपने मुल्क की राजनीति को बहुत बड़ा मोड़ देना चाहते थे। राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज ही नहीं, वह जापानी लोगों के सोचने का तरीका भी बदल देना चाहते थे। कुछ हद तक वह कामयाब भी रहे। लेकिन बीते शुक्रवार को जब नारा शहर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई, तब जापान की राजनीति अचानक एक दूसरे मोड़ पर जा खड़ी हुई। उसकी राजनीति दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से हमेशा ही हिंसा और आक्रामकता जैसी चीजों से दूर रही। हत्या की बात तो खैर सोची भी नहीं जा सकती थी। जापान दुनिया का शायद अकेला ऐसा देश है, जिसने अपनी संपन्नता और आर्थिक ताकत के बावजूद न सिर्फ एक देश के रूप में हथियारों से दूरी बनाए रखी, बल्कि अपने समाज को भी इससे दूर रखा। जापान में नागरिकों को हथियार खरीदने या अपने पास रखने की इजाजत नहीं है। बंदूकें तो दूर, लोग परंपरागत तलवार भी अपने पास नहीं रख सकते। हिंसा से लगातार इतनी दूरी बनाकर रखने वाले देश में अगर एक सबसे लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या हो जाए, तो यह उस मुल्क के लिए कितना बड़ा सदमा होगा, इसे सिर्फ समझा ही जा सकता है।

हालांकि, ये सब चीजें जिस अतीत और सोच की उपज थीं, शिंजो आबे उसे पूरी तरह बदल देना चाहते थे। कहा जाता है कि हिरोशिमा और नागासाकी के दुखद अध्याय ने जापान को जो घाव दिए थे, वह उससे अभी तक उबर नहीं सका। शिंजो आबे जापानी जनमानस को दूसरे विश्वयुद्ध के उस भूत से पूरी तरह मुक्त करना चाहते थे, जो हरदम लोगों के दिलो-दिमाग पर सवार रहता है। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जब एक तरह से अमेरिका का वहां कब्जा था, जापान ने अपना संविधान बनाया था, जिसमें यह प्रावधान था कि जापान की अपनी कोई आक्रमणकारी सेना नहीं होगी। आबे इसी को बदलना चाहते थे। वह एक ऐसा जापान बनाना चाहते थे, जो दुनिया के तमाम देशों की तरह ही एक सैनिक शक्ति भी हो। इसके लिए उन्होंने विश्वयुद्ध के पहले के उस जापानी राष्ट्रवाद को जगाने की कोशिश की, जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती थी। लेकिन इसमें वह एक हद के बाद नाकाम रहे। जापान को उसके अतीत के वात, कफ और पित्त से मुक्ति दिलाने का आबे का अभियान यहीं तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने चीन से पुरानी दुश्मनी को खत्म करने की भी कोशिश की। बीजिंग यात्रा पर जाने वाले वह पहले प्रधानमंत्री बने। जापानी साम्राज्य के दौर में वहां की फौज ने जो ज्यादतियां की थीं, उनके लिए शिंजो आबे ने चीन और कोरिया से माफी भी मांगी।

शिंजो आबे को इसलिए भी याद किया जाएगा कि उन्होंने जापानी औरतों को सत्ता की अगली पायदान तक ले जाने कोशिश की। जापान की दिक्कत यह है कि वहां बुजुर्ग आबादी का अनुपात काफी ज्यादा है और लगातार बढ़ रहा है। आबे ने युवा कामगारों और अगुवा लोगों की कमी का समाधान महिला सशक्तीकरण से निकालने की कोशिश की। इससे वह जापानी अर्थव्यवस्था को एक नई गति देने में कामयाब भी हुए। इसी बीच जिस दिन उन्होंने जापान में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड कायम किया, उसके चार दिन बाद ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## सम्पादकीय

# चीन पर फिर उंगली

**दुनिया** के कारोबार जगत में चीन ने अचानक जो हैसियत बना ली है, वह हैरान करने वाली है। उसका एकाएक हुआ आर्थिक उभार कुछ लोगों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए मजबूर करता है, तो कुछ को लगता है कि यह रास्ता अनुसरण करने लायक है। यह बात अलग है कि कोशिशों के बावजूद कोई उसका पूरा अनुसरण नहीं कर पाया है। यह भी अक्सर कहा जाता है कि चीन के आगे बढ़ने की कहानी इतनी सीधी नहीं है, इसके बहुत सारे स्याह पहलू हैं। कई काले कारनामे हैं, जो उपलब्धियों की चमक के सामने नजरंदाज हो जाते हैं। बृहस्पतिवार को लंदन में जब अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के प्रमुख क्रिस्टोफर वारी और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई5 के प्रमुख केन मैकलम ने व्यापारिक समूहों के अगुवा लोगों को संबोधित किया, तो उनके निशाने पर चीन की इसी तरह की हरकतें थीं। उन्होंने बताया कि चीन किस तरह दुनिया भर के देशों, उनकी कंपनियों का डाटा चुराता है, उनकी तकनीक उड़ाता है और इन्हीं का इस्तेमाल करके विश्व बाजार में उन्हें परास्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन और उसकी कंपनियां बाजार पर कब्जा जमाने के लिए सभी तरह के हथकंडे अपनाती हैं और चीन का हैकिंग नेटवर्क सबसे बड़ा है। दोनों ने इसके कई उदाहरण भी दिए। अमेरिका और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों का यह संबोधन उस समय सामने आया है, जब भारत में स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी वीवो विवाद में फंसी हुई है। प्रवर्तन निदेशालय को इसके सुबूत मिले हैं कि यह कंपनी धनशोधन के मामलों में लिप्त रही है। इसे लेकर निदेशालय ने कंपनी के 40 से ज्यादा ठिकानों पर छापे भी मारे हैं। इसी दौरान इस कंपनी के दो निदेशक जिस तरह से भारत छोड़कर भाग गए, उससे भी इन आरोपों को बल मिला है। इन छापों पर चीन की सरकार ने काफी तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि ऐसी कार्रवाइयों से भारत में निवेश और कारोबार का माहौल खराब होगा। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सरकार कड़ा संदेश दे, ताकि हर विदेशी कंपनी भारत के नियम-कायदों की पूरी पालना सुनिश्चित करे। वीवो मामले में अभी जांच चल रही है और जब तक जानकारियां सामने नहीं आतीं, उसे किसी बड़े संदर्भ से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। जहां तक दुनिया की दो बड़ी खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों के संबोधन का सवाल है, तो खुफिया एजेंसियों का काम ही है, शक करना और हर चीज के पीछे किसी बड़े षड्यंत्र को ढूंढ़ना। लेकिन सिर्फ इतना सोच लेने से ही चीन किसी भी आरोप से बरी नहीं हो जाता है। चीन की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वह तमाम तरक्की के बाद अभी भी एक बंद समाज है। भले पर्यटन और व्यापार के लिए उसने अपने दरवाजे खोल दिए हैं, लेकिन वहां क्या, कहां और कैसे हो रहा है, इसकी दुनिया को भनक भी नहीं लगती। विदेशी पत्रकारों को वहां हरेक जगह जाने की छूट नहीं है। खुद चीन का मीडिया कभी इतना स्वतंत्र नहीं रहा कि उसके भरोसे कुछ कहा जा सके। वहां जो सरकार है, वही सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी है और उसी की फौज भी है। दुनिया के लोग आज भी इसमें उलझे रहते हैं कि फलां चीनी कंपनी सरकारी है या निजी। चीन ने बेशक बहुत तरक्की की है, पर इसके पीछे कोई पारदर्शिता नहीं है। बंद खिड़की-दरवाजे वालों की नीयत पर शक न करने का कोई कारण नहीं होता।

**बड़ी जनसंख्या को समस्या बनने से बचाने के लिए हमें अगले 20 वर्षों की तथ्यात्मक रूपरेखा व योजना बनानी है। नौजवानों को वही शिक्षा, प्रशिक्षण मिले, जिसकी जरूरत आगे पड़ेगी। निजी क्षेत्र हो या सरकार, दोनों इसी सिद्धांत पर काम करें। मंझोले और छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।**

# आबादी को कमजोरी नहीं, शक्ति बनाने का संकल्प लें



एसपी गौड़
पूर्व आईएएस
@jagrukjanta.net

**आजादी के बाद 34 करोड़ से लगातार बढ़ती जनसंख्या अब 139 करोड़ हो गई है, जो केवल चीन से कम है। एक अनुमान के अनुसार, हमारी आबादी 2050 तक 164 करोड़ हो जाएगी। भारत जनसंख्या नियंत्रण के लिए चीन का मॉडल नहीं अपना सकता। उसे अपने नागरिकों द्वारा मान्य तरीके ही अपनाने होंगे। विश्व बैंक के अनुमान में भारत की 67 प्रतिशत आबादी (15-60 आयु वर्ग में) क्रियाशील है और यह अनुपात बढ़ता ही रहेगा।**



**कोरोना** से जूझता विश्व, बढ़ती महंगाई की मार और सकल उत्पाद से कई गुना ज्यादा कर्ज में डूबा है। इस वर्ष अर्थव्यवस्था उबर जाती, तो रूस-यूक्रेन युद्ध ने तेल/ गैस व अनाज की आपूर्ति को ध्वस्त करके विश्व की बहुत बड़ी आबादी के सामने खाद्यान्न व ऊर्जा का संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में, ब्रिटेन जैसे देश को जब अपनी 6.8 करोड़ आबादी की चिंता है, तो भारत पर 139 करोड़ नागरिकों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी है। विश्व जनसंख्या दिवस पर इस विषय पर गंभीरता से चर्चा जरूरी है। समग्र विकास के लिए समाज व सरकार को मिलकर पहले आबादी को नियंत्रित करना होगा। अन्यथा पहले से ही बेरोजगारी, प्रदूषण, गरीबी, संक्रामक रोगों जैसे गंभीर संकट झेल रहे देशों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। आजादी के बाद 34 करोड़ से लगातार बढ़ती जनसंख्या अब 139 करोड़ हो गई है, जो केवल चीन से कम है। एक अनुमान के अनुसार, हमारी आबादी 2050 तक 164 करोड़ हो जाएगी। भारत जनसंख्या नियंत्रण के लिए चीन का मॉडल नहीं अपना सकता। उसे अपने नागरिकों द्वारा मान्य तरीके ही अपनाने होंगे। विश्व बैंक के अनुमान में भारत की 67 प्रतिशत आबादी (15-60 आयु वर्ग में) क्रियाशील है और यह अनुपात बढ़ता ही रहेगा। यह वृद्धि कैसे हुई? देश के विकास और बेहतर पोषण के फलस्वरूप मृत्यु दर तो घटी, पर मुकाबले में जन्म दर धीरे-धीरे कम हुई। देश का क्षेत्रफल दुनिया का 2.4 प्रतिशत है, तो जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक (464 प्रति वर्ग किलोमीटर) हो गया है। यह बहुत सी समस्याओं को जन्म देता है। इतनी घनी आबादी के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाना और हर हाथ को काम देना आसान नहीं है। आबादी का बोझ शहरों की भीड़भाड़ से दूर गांवों में भी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2018 के अनुसार, देश का आधे से ज्यादा कार्यबल कृषि पर निर्भर है, जो जीडीपी में सिर्फ 17 प्रतिशत का योगदान देता है। 2004-5 में भारत की लगभग एक-चौथाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी। आंकड़े जो भी कहें, देश को रोटी-कपड़ा-मकान के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भारी संसाधनों की जरूरत है। याद करिए, कोरोना की दूसरी लहर में अस्पतालों में मरीजों को न पर्याप्त बिस्तर मिले और न ऑक्सीजन सिलेंडर। वह तो महामारी थी, अन्यथा भी स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त नहीं है। अच्छे स्कूलों और कॉलेजों का अभाव है। कितने मेधावी छात्र यथोचित शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

बड़ी जनसंख्या को समस्या बनने से बचाने के लिए हमें अगले 20 वर्षों की तथ्यात्मक रूपरेखा व योजना बनानी है। नौजवानों को वही शिक्षा, प्रशिक्षण मिले, जिसकी जरूरत आगे पड़ेगी। निजी क्षेत्र हो या सरकार, दोनों इसी सिद्धांत पर काम करें। मंझोले और छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। ये बहुत रोजगार तो देते हैं, परंतु असुरक्षित बहुत हैं। कोरोना में सबसे अधिक मार इसी क्षेत्र पर पड़ी है। इसी सेक्टर से बड़े शहरों से उत्तर प्रदेश-बिहार की तरफ मजदूरों का लोमहर्षी पलायन देखा गया था। देश को आईटी आधारित क्षमता व कौशल से अपनी उत्पादकता में भारी बढ़ोतरी करनी पड़ेगी और रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करने होंगे। जरूरी है कि हर हाथ को काम मिले। भारत के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती वस्तुत यही है। चुनौती का दो तरह से सामना करना है। कई विशेषज्ञों की राय में समग्र विकास होने पर आबादी स्वतः नियंत्रित हो जाती है। कई देशों का अनुभव यही रहा है। विशेषज्ञों का दूसरा वर्ग हम दो हमारे दो और परिवार नियंत्रण के सभी तरीकों का इस्तेमाल चाहता है। विशेषज्ञों के तीसरे वर्ग का मिला-जुला आग्रह है, यानी समग्र विकास के साथ-साथ परिवार कल्याण के साधन स्वैच्छिक रूप से अपनाए जाएं। देश को महंगाई व बेरोजगारी से बचाने की जरूरत है। सरकार को आबादी संभालने के लिए हरसंभव तरीके आजमाने चाहिए। दक्षिण एशिया में सब-सहारा अफ्रीका जैसी स्थिति तो नहीं है, फिर भी बढ़ती आबादी एक गंभीर समस्या है। कोई महामारी हो या युद्ध, भारत को सभी परिस्थितियों से जूझने के संसाधन व साहस को बनाए रखना है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हमें जनसंख्या को अपनी शक्ति बनाने का संकल्प करना चाहिए।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

## ओपिनियन

# कई नई तकनीकों से बदल जाएगा जीवन और जहान



चेतेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**अब** जो नई तकनीक के साथ चलेगा, वही जीवन का पूरा आनंद ले पाएगा। नई-नई तकनीक के विकास के साथ नई-नई संभावनाएं भी लगातार आ रही हैं। यह नवाचार, आविष्कार और अत्याधुनिक तकनीक से लैस उत्पादों का नया युग है। तरह-तरह के उत्पाद अपनी क्षमताओं व संभावनाओं से हमें चौंकाते हैं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन नई पहचान बनकर उभरे हैं। एनएफटी और मेटावर्स को भी चर्चित शब्दों की सूची में जोड़ा गया है। रोजमर्रा की जिंदगी में तरह-तरह के डिजिटल नवाचार के दाखिल होने के साथ ही विकसित हो रही अनेक तकनीकें अगले दस वर्षों में नए मुकाम पर पहुंच जाएंगी।

'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सोसायटी' पर बनी ग्लोबल एजेंडा काउंसिल' ने संकेत दिए हैं कि फिजिकल और डिजिटल दुनिया के बीच बिना किसी दिक्कत के एकीकरण होगा। इस एकीकरण से हमारे काम करने का तरीका और जीवन पूरा बदल जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में 3डी प्रिंटर का इस्तेमाल शुरू हो चुका है। इनकी मदद से अस्थि व अंग प्रत्यारोपण को सुविधाजनक बनाने का काम चल रहा है। 3डी प्रिंटर्स की मदद से शोधकर्ता इस्तेमाल योग्य कृत्रिम अंग उगाने की कोशिश में हैं। मौजूदा वक्त में घरों में ज्यादातर इंटरनेट उपयोग व्यक्तिगत होता है, पर साल 2024 तक घर पर आधे से ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल होम ऑटोमेशन के लिए होने लगेगा। कई घरेलू उत्पाद इंटरनेट की मदद से स्वचालित हो जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई ने भी हमारी दुनिया को बदलकर रख दिया है। मशीन लर्निंग और एआई से लैस तकनीक का दबदबा हो गया है। मतलब, तकनीक आपकी पसंद के अनुरूप विकसित होने लगी है। एआई मानव बुद्धि की नकल करने और छवियों, भाषण या तौर-तरीके की पहचान करने और निर्णय लेने जैसे कार्य में सहयोगी है। मशीन लर्निंग भी एआई का ही हिस्सा है। इसमें कंप्यूटर को कुछ ऐसा करने के लिए प्रोग्राम किया जाता है, जिसे वह करने के लिए प्रोग्राम्ड नहीं होते हैं। मशीन लर्निंग को तेजी से सभी प्रकार के उद्योगों में तैनात किया जा रहा है। मशीन लर्निंग मार्केट 2022 तक बढ़कर 8.81 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इसका उपयोग डाटा एनालिटिक्स, रियल टाइम विज्ञापन, नेटवर्क घुसपैठ का पता लगाने, डाटा खनन और पैटर्न मान्यता के लिए किया जाता है। ऑगमेंटेड एनालिटिक्स डाटा एनालिस्ट नया वरदान साबित हो सकता है। अनुमान है कि एक डाटा वैज्ञानिक अपने डाटा जुटाने, तैयार करने और सफाई करने में अपना 80 फीसदी समय लगा देता है। नई तकनीक बहुत समय बचाएगी।

आपने उड़ने वाली बाइक के बारे में तो जरूर सुना होगा, पर नए साल में एक कदम आगे बढ़कर आपको उड़ने वाली टैक्सी भी देखने को मिल सकती है। हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी 'बेल' एयर टैक्सी का प्रारूप भी तैयार कर चुकी है। उम्मीद है कि 2022 के अंत तक वह इसे लॉन्च भी कर देगी। इस एयर टैक्सी में चार लोगों के लिए बैठने की जगह होगी। कैब सेवा देने वाली कंपनी उबर अभी से हेलीकॉप्टर टैक्सी के साथ साझेदारी के प्रयास में लगी हुई है। टेस्ला ने सबसे पहले ऑटो-पायलट फंक्शन वाली कार बनाई थी। दुबई में ऑटो पायलट बस चल रही है। उम्मीद है, आने वाले समय में ये सुविधाएं हर जगह उपलब्ध होंगी।

स्थानीय भाषाओं को लेकर सबसे ज्यादा नवाचार गूगल कर रहा है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो गूगल का इस्तेमाल न करता होगा। अब तक गूगल कई सारे अनुवाद टूल पेश कर चुका है। अब गूगल एक ऐसी तकनीक ला रहा है, जिसकी मदद से तत्काल अनुवाद किया जा सकेगा। गूगल ने कुछ समय पहले ही इसका प्रारूप पेश किया है, यह एयरबेड 40 भाषाओं के अनुवाद में सक्षम होगा। इसमें डबल स्पीकर है, जो एक ओर से सुनने व दूसरी ओर से अनुवाद कर आपको समझाने का काम करेगा। इस साल बेजल स्क्रीन वाले फोन ज्यादा चर्चा में हैं। मोबाइल कंपनियां ऐसे फोन ला रही हैं, जिसमें टच बटन तो होता ही नहीं और कैमरा भी स्क्रीन के नीचे होता है, जो दिखाई नहीं देता। वाईफाई से भी कई गुना तेज वायरलेस सुविधा आ चुकी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**जप** करते समय बेसुरेढंग से एक ही सासंस में अनेक बार कह जाने की अपेक्षा एक बार स्वर से करना अच्छा है। गंभीरता के साथ प्रत्येक अक्षर का स्पष्ट उच्चारण करते हुए जप करने से अलग से प्राणायाम करने की आवश्यकता नहीं रहती। जप करने की क्रिया पर नियंत्रण होने से आसन भी स्वतः ही सिद्ध हो जाता है। जप करने की क्रिया पर नियंत्रण का अर्थ है, मन पर नियंत्रण और मन पर नियंत्रण से जिस आसन पर बैठे हैं वह सुस्थिर हो जाता है, यहां तक स्थूल क्रिया की बात हुई। जप केवल कर्मेन्द्रिय से ही नहीं होता। जप में रसना नाम की एक ज्ञानेन्द्रिय का भी सहयोग होना चाहिए, तभी जप ठीक से हो पाता है। अधिकांश लोग केवल जिव्हा के सहारे से ही जप करते हैं, साथ में होठभी हिलते रहते हैं। हो सकता है जप के शब्द बाहर नहीं सुन रहे होते हैं, किन्तु जीभ और होंठ हिलते रहते हैं। इससे मन के संकल्प विकल्प बंद नहीं होते। मन की चंचलता से इष्ट का ध्यान नहीं पो पाता और न जप में रस आता है। जप में हरसना ज्ञानेन्द्रिय का बहुत महत्व है। प्रायः हम रसना का स्वरूप ही नहीं जानते। रसना का काम है रस के अक्षर की मधुरता का आस्वादन करें तभी जप सही होता है। इसकी धारणा करने से ज्ञानेन्द्रिय और मन का एकत्व हो जाता है। नियमित गति से जप से जिह्वा प्राण में लय हो जाती है और उसमें रस लेने से ज्ञानेन्द्रिय मन में लय जो जाती है। इस समय यदि मंत्र के अर्थ का चिन्तन रहा तो इस चिंतन में प्राण और मन दोनों एक हो जाएंगे। प्राण और मन के एक होने से ध्यान की अवस्था हो जाती है। **क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



गीतिका डॉटर जयराज-भगवती महावर, जयपुर

# शून्य हो जाने की अवस्था है ध्यान



गोपाल शर्मा
ज्योतिषाचार्य
@jagrukjanta.net

**निर्वाण** को शब्द में कहा तो नहीं जा सकता है। फिर भी समस्त बुद्धों ने उसे व्यक्त किया है। जो नहीं हो सकता उसे करने की चेष्टा की है। और ऐसा भी नहीं है कि बुद्धपुरुष सफल न हुए हों। सभी के साथ सफल नहीं हुए, यह सच है। क्योंकि जिन्होंने न सुनने की जिद ही कर रखी थी, उनके साथ सफल होने का कोई उपाय ही न था। उनके साथ तो अगर निर्वाण को शब्द में कहा भी जा सकता होता तो भी सफलता की कोई संभावना न थी, क्योंकि वे वज्र-बधिर थे। लेकिन जिन्होंने हृदय से गहा, जिन्होंने प्रेम की झोली फैलाई और बुद्धपुरुषों के वचनों को ग्रहण किया, उन तक वह भी पहुंच गया, जो नहीं पहुंचाया जा सकता। उन तक उसकी भी खबर हो गई, जिसकी खबर की ही नहीं जा सकती है।

उसी अर्थ में दरिया (संत दरिया दास) कहते हैं- 'दरिया कहै शब्द निरबाना।' कि मैं कह रहा हूं, निर्वाण से भरे हुए शब्द, निर्वाण से ओतप्रोत शब्द, निर्वाण में पगे शब्द। जो सुन सकेंगे, जो सुनने को सच में राजी हैं, जो विवाद करने में उत्सुक नहीं, संवाद में जिनका रस जगा है, जो मात्र कौतूहल से नहीं सुन रहे हैं, वरन जिनके भीतर मोक्ष प्राप्ति की अग्नि जन्मी है, सुन पाएंगे। शब्दों के पास-पास बंधा हुआ उन तक निःशब्द भी पहुंचेगा। क्योंकि जब दरिया जैसा व्यक्ति बोलता है, तो मस्तिष्क से नहीं बोलता। दरिया जैसा व्यक्ति बोलता है तो अपने अंतर्तम की गहराइयों से बोलता है। वह आवाज सिर में गूंजते हुए विचारों की आवाज नहीं, वरन हृदय के अंतर्गृह में सतत बह रही अनुभव की प्रतिध्वनि है।

दरिया जैसे व्यक्ति के शब्द दरिया के भीतर जन्म गए शून्य से उत्पन्न होते हैं। वे उसके शून्य की तरंगें हैं। वे उसके भीतर हो रहे अनाहत नाद में डूबे हुए आते हैं। और जैसे कोई बगीचे से गुजरे, चाहे फूलों को न भी छुए और चाहे वृक्षों को आलिंगन न भी करे, पर हवा में तैरते पराग के कण, फूलों की गंध के कण उसके वस्त्रों को सुवासित कर देते हैं। मगर गंध बड़ी भीनी है। गंध सूक्ष्मातिसूक्ष्म है। जो हृदय को बिल्कुल खोल कर सुनेंगे, शायद उनके नासापुटों को भर दे; शायद उनके प्राण में उमंग बन कर नाचे; शायद उनके भीतर की वीणा के तार छू जाएं; शायद उनके भीतर अनाहत का जागरण होने लगे; शायद उनकी आंखें खुलें, उन्हें भी पता चले कि अंधियारा सच नहीं है, सच तो आलोक है। और हम अंधियारे में जीते थे, क्योंकि हमने आंखें बंद कर रखी थीं। शोरगुल सिर्फ मस्तिष्क में है। जरा नीचे मस्तिष्क से उतरे कि संगीत ही संगीत है। ओंकार का नाद दिन-रात बज रहा है।

जो विचारों को हटा कर एक तरफ रख दे, जो अपने सिर को उतारकर एक तरफ हटा दे और जो सिर्फ प्यास की तरह अपनी झोली को फैला दे, तो जरूर दरिया ठीक कहते हैं- 'दरिया कहै शब्द निरबाना।' मगर ये निर्वाण के शब्द केवल शिष्यों को सुनाई पड़ते हैं, प्रेमियों को सुनाई पड़ते हैं, भक्तों को सुनाई पड़ते हैं। इन शब्दों का पांडित्य से कोई सम्बंध नहीं है। और तुम भाषा समझते हो, इसलिए तुम इन्हें समझ लोगे, ऐसी भ्रांति में न पड़ना। ये शब्द शून्य से आते हैं। अगर तुम्हें भी इस शून्य की थोड़ी-थोड़ी झलकियां आने लगी हों तो ही तुम इन अपूर्व, अद्वितीय वचनों का रस पी सकोगे। और शून्य की झलकियां बड़ी स्वाभाविक झलकियां हैं। बस तुमने उन पर ध्यान नहीं दिया। आती हैं तुम्हें भी, मगर तुम ऐसे बेहोश, तुम ऐसे अनुपस्थित, कि तुम्हें कुछ पता नहीं चलता। परमात्मा घटता रहता है तुम्हारे चारों तरफ, अनंत-अनंत रूपों से, और तुम अपने में बंद, तुम अपनी आंखों को बंद किए, अपने हृदय के कपाटों को बंद किए परमात्मा के सागर में जीते हुए भी उससे अपरिचित रह जाते हो। थोड़े मौके शून्य के अपने भीतर उतरने दो, और तब समझ सकोगे दरिया के शब्दों को। वह शून्य की घड़ी ध्यान की घड़ी है। ऐसे तुम अगर थोड़ी चेष्टा करो तो अपनी साधारण जिंदगी में भी असाधारण मौके बना सकते हो। और इन मौकों के लिए किसी मंदिर और किसी गुरुद्वारे में जाना आवश्यक नहीं है।

यह भी मैं तुमसे कह दूं, अगर तुम इन सबसे परमात्मा का अनुभव करने लगो, फिर जाना गुरुद्वारा! फिर मजा है! फिर जाना मंदिर, तब तुम पहचानोगे कि कौन वहां है मंदिर में और कौन गुरुद्वारा में और कौन चर्च में। पहले आंख तो हो तुम्हारे पास। आंख को निखार लो! फिर मूर्ति में भी तुम्हें वही परमात्मा दिखाई पड़ेगा। और नहीं होगी मूर्ति, तो भी वही दिखाई पड़ेगा। उपस्थिति भी उसकी है, अनुपस्थिति भी उसकी है। होना भी उसका है, न होना भी उसका है। जीवन भी उसका है और मृत्यु भी उसकी है। सब कुछ उसका है, क्योंकि सब कुछ वही है। मगर इसकी प्रतीति तो हो जाए! और इसकी प्रतीति तुम्हें प्रकृति के करीब होगी, क्योंकि प्रकृति उसके हाथों की छाप है। हर फल पर उसके हस्ताक्षर हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com


सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 13/07/2022**

**सूर्योदय** : 05:33 **सूर्यास्त** : 19:23 **चन्द्रोदय** : 19:29 **चन्द्रास्त** : 04:28 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : आषाढ़ा **पूर्णिमांत** : आषाढ़ा **सूर्य राशि** : मिथुन **चन्द्र राशि** : धनु **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : पूर्णिमा, 24:07 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **चन्द्रमास आषाढ़** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु** : वर्षा **द्रिक अयन** : दक्षिणायन

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पूर्वाषाढ़ा, 23:11 तक
**योग** : इंद्र, 12:36 तक
**प्रथम करण** : विष्टि, 14:04 तक
**द्वितिय करण** : बावा, 24:07 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:11 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:31 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:08 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:22 पी एम से |
| अमृत काल | 07:07 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:07 ए एम, जुलाई 14 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : चन्द्र
भद्रावास : पाताल

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:33 - 07:16 | उद्वेग : 07:22 - 08:39 |
| अमृत | : 07:16 - 09:00 | शुभ : 08:39 - 09:55 |
| काल काल वेला | : 09:00 - 10:44 | अमृत : 09:55 - 11:11 |
| शुभ | : 10:44 - 12:28 | चर : 11:11 - 12:28 |
| रोग वार वेला | : 12:28 - 02:11 | रोग : 12:28 - 01:44 |
| उद्वेग | : 02:11 - 03:55 | काल : 01:44 - 03:00 |
| चर | : 03:55 - 05:39 | लाभ : 03:00 - 04:17 |
| लाभ | : 05:39 - 07:22 | उद्वेग : 04:17 - 05:33 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़ शुक्ल, पूर्णिमांत, 2079 बुधवार, 13 जुलाई - 19 जुलाई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रय% करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

**1057 करोड़ रु. का बजट, सप्लाई अगस्त के आखिर से**

# नि :शुल्क योजना में 824 दवाइयां और जुड़ीं, राजस्थान पहला राज्य जहां 1795 दवाइयां फ्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में संचालित निशुल्क दवा योजना में 824 और दवाइयों को शामिल किया गया है। इससे राजस्थान देश में ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां 1795 तरह की दवाइयां व सर्जिकल आइटम आमजन को नि:शुल्क मिल सकेंगे। इन दवाइयों में नेत्र, एंटीबायोटिक इंजेक्शन, दर्द निवारक, स्किन मेडिसिन, विटामिन इंजेक्शन, नेजल स्प्रे, अस्थमा, कफ सीरप (बच्चों के भी) आदि शामिल हैं। पिछले 4 माह से इसकी तैयारी कर रहे राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरएमएससीएल) के अधिकारियों का कहना है कि दवाइयों की सूची बना ली गई है। प्रयास है कि अगस्त में सप्लाई शुरू हो जाए। शुरुआती दौर में 1057 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बाद में बजट बढ़ाया जा सकता है।

### पहली बार डॉक्टर्स की मदद के बिना ही लिस्टिंग

योजना में अभी 713 तरह की दवाइयां, 181 तरह के सर्जिकल आइटम और 77 तरह के सूचर्स शामिल हैं। आरएमएससीएल 17550 चिकित्सा संस्थानों में ये दवाएं उपलब्ध करा रहा है। दवाइयां बढ़ाने के लिए आरएमएससीएल ने पहली बार डॉक्टर्स और बाहरी सहयोग के बिना अपने स्तर पर तैयारी पूरी की। पहले डॉक्टरों से सहयोग लेते रहे हैं।

### इन बीमारियों की दवाइयां होंगी फ्री

ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक, आर्थराइटिस, नेत्र, जनरल मेडिसिन, ग्रोथ हार्मोन्स, डायबिटीज, कैंसर की लगभग सभी तरह की दवाइयां। गस्ट्रो, न्यू एंटीबायटिक, आईवीएफ, एंटी फंगल, आर्गन ट्रांसप्लांट में काम आने वाली दवाइयां। टेस्ट में काम आने वाली कंट्रास्ट व डाई, लिवर सिरोसिस, गेस्ट्रो कैंसर, ब्लड प्रेशर, विटामिन सहित सभी तरह की दवाइयां।

### आरएमएससीएल अव्वल

निशुल्क दवा वितरण-आपूर्ति में आरएमएससीएल देश में पहले स्थान पर है। केंद्र की ओर से जारी जून रैंकिंग में प्रदेश को यह स्थान मिला है। दूसरे पायदान पर तेलंगाना, तीसरे पर आंध्र प्रदेश, चौथे पर हरियाणा, 5वें पर मध्य प्रदेश, छठे पर छत्तीसगढ़ है।

**हम** लंबे समय से इस काम में लगे थे। पहली बार हमने डॉक्टर्स व अन्य बाहरी मदद के बिना सफलता पूर्वक लिस्टिंग की है। टेंडर भी जनरेट कर दिए हैं। अगस्त के अंत तक दवाइयां मिलनी शुरू हो जाएंगी।
**-अनुपमा जोरवाल,** एमडी, आरएमएससीएल

**जयपुर एयरपोर्ट : अगस्त से विस्तारा भी भरेगी उड़ान**

# मुंबई को 2 और बेंगलूरू को मिलेगी नई 1 फ्लाइट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अडानी समूह लगातार नए शहरों से एयर कनेक्टिविटी के लिए एयरलाइंस को अप्रोच कर रहा है। अगस्त में विस्तारा एयरलाइंस की 3 फ्लाइटें शुरू होंगी। इनमें 2 फ्लाइट मुंबई की और 1 फ्लाइट बेंगलूरू की है। इधर, उद्योगपति राकेश झुंनझुंनवाला की अकासा एयरलाइन को भी फ्लाइट ऑपरेट करने की अनुमति मिल गई है। एयरलाइन ने बोइंग कम्पनी को 72 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दे रखा है। दिवाली से पहले जेट एयरवेज भी फ्लाइट संचालन शुरू कर सकती है। पिछले दिनों जयपुर एयरपोर्ट पर जेट एयरवेज ने ऑफिस स्पेस को लेकर जानकारी ली थी। वहीं देश के कई प्रमुख शहरों से चल रही विस्तारा एयरलाइन भी जयपुर में फ्लाइट ऑपरेशन शुरू करेगी। जयपुर एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों का कहना है विस्तारा एयरलाइन अगस्त के पहले सप्ताह में फ्लाइट संचालन शुरू करेगी। एयरलाइन ने एयरपोर्ट पर रिजर्वेशन ऑफिस और बैक ऑफिस की कवायद शुरू कर दी है। इधर, मुंबई की फ्लाइट में जयपुर से एक बेस फ्लाइट भी होगी। विस्तारा टाटा समूह की लग्जरी एयरलाइन है। हालांकि टाटा ग्रुप की एयर एशिया जयपुर में मौजूद है, इसलिए विस्तारा की सीमित फ्लाइट ही रहेंगी। गौरतलब है कि अभी जयपुर एयरपोर्ट से 5 एयरलाइन फ्लाइट संचालित कर रही हैं। इनमें इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया, एयर एशिया और गो फर्स्ट एयरलाइन शामिल हैं।

### पहाड़ों का भी रुख कम, कम यात्रीभार से उड़ान रद्द

पहाड़ी इलाकों में लगातार तेज बारिश होने से पर्यटक पहाड़ों का रुख कम कर रहे हैं। ऐसे में मानसून शुरू होते ही पर्यटन स्थलों के लिए हवाई यात्री घट गए हैं। इसका असर जयपुर एयरपोर्ट से हिमाचल-उत्तराखंड की फ्लाइट्स पर असर पड़ रहा है। स्पाइसजेट की धर्मशाला फ्लाइट एसजी-3441 और देहरादून की फ्लाइट एसजी-2966 कम यात्रीभार के चलते आए दिन रद्द हो रही है। यात्रीभार कम होने की प्रमुख वजह पहाड़ी क्षेत्रों में दुर्घटनाएं भी मानी जा रही हैं। गौरतलब है कि 3 दिन पहले भी दो उड़ानों को रद्द किया गया था।

**हरियाणा के बाद राजस्थान में सबसे अधिक मशीन सीज**

# PCPNDT कानून का उल्लंघन करने वाले 143 डॉक्टर्स के लाइसेंस रद्द व निलंबित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का जून 2021 तक का डेटा**

**जयपुर।** भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बने पीसीपीएनडीटी एक्ट के लागू होने के बाद अब तक 143 डॉक्टर्स के लाइसेंस निरस्त व रद्द कर दिए गए हैं। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 76 डॉक्टर्स और राजस्थान व मध्यप्रदेश में 22-22 चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। ये तथ्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आए हैं। सबसे अधिक हरियाणा में 703 अल्ट्रा साउंड मशीनों को सील व सीज किया गया है और 74 दोषियों को सजा सुनाई गई है। वहीं, दोषियों को सजा देने के मामले में राजस्थान पहले नंबर पर है।राजस्थान में अब तक 155 दोषियों को सजा हुई है। 531 मशीनों को सीज व सील किया गया है। 759 मामले अभी भी न्यायालयों व पुलिस जांच में चल रहे हैं। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार देश में अब तक 72,965 अल्ट्रासाउंड सेंटर्स रजिस्टर्ड हैं। अब तक 2,589 मशीनों को सीज किया गया है। 3,201 कोर्ट केसेस फाइल किए गए हैं। इनमें अब तक 640 दोषियों को सजा सुनाई गई है।

### साल 2003 में हुआ था संशोधन

**वर्ष** 1994 में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीएनडीटी एक्ट बनाया गया था। एक जनवरी 2016 से इसे लागू कर दिया गया। 14 फरवरी 2003 में इस एक्ट को बेहतर बनाने के लिए इसमें संशोधन करते हुए इसे पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 नाम दिया गया।

# रेयान एडुनेशन स्कूल में 15 बुक्स कैम्पेन शुरू



**जयपुर @ जागरूक जनता।** दादूदयाल नगर स्थित रेयान एडुनेशन स्कूल में '15 बुक्स कैंपेन' प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्र म का शुभारंभ साहित्यकार शिवानी के सानिध्य में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रीडिंग हैबिट के फायदे को दर्शाते हुए रंगारंग कार्यक्र म प्रस्तुत किया जिसमें गीत, नृत्य एवं स्पीच भी दी। प्राचार्य अनुराग शर्मा ने बच्चों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए 15 बुक्स कैंपेन के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि शिवानी ने रिबन हटाकर योजना के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से पुस्तकों की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। शिवानी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें पुस्तकों से जुड़ने के लाभ बताए। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय के लिए पचास पुस्तकें भी भेंट की। प्राचार्य शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर और आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर ने अपनी बनाई एक खूबसूरत पेंटिंग देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

# छह दिवसीय शिक्षक प्राशिक्षण शुरू



**जयपुर @ जागरूक जनता।** झोटवाड़ा ब्लॉक के शहीद हिम्मत सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरलीपुरा स्कीम में नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान आधारित छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन करवाने वाले शिक्षकों को विद्यार्थियों का लर्निंग लॉस दूर करने, गणितीय अभियोग्यता बढ़ाने, सीखने के प्रतिफल एवं पर्यावरणीय शिक्षा का नई शिक्षा नीति पर आधारित ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का अवलोकन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह शेखावत एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ सरोज पूनिया ने किया। स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान सुआलाल शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक झोटवाड़ा शहर के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करवाने वाले 100 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर मेघराज शर्मा, नरेंद्र शर्मा, पवन कुमार शर्मा एवं कमल तोसावड़ा उपस्थित रहे।

## जागरूक खबरें

### बियानी गर्ल्स कॉलेज में चल रही 3 दिवसीय वर्कशॉप का समापन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में चल रही 3 दिवसीय डिजीटल मार्केटिंग और फैशन डिजाइनिंग वर्कशॉप का समापन किया गया । इस 3 दिवसीय वर्कशॉप में विद्यार्थीयों को डिजीटल मार्केटिंग और फैशन डिजाइनिंग के बारे में सिखाया गया। कार्यक्रम के डॉयरेक्टर डॉ संजय बियानी ने बताया कि छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डवलपमेंट पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए समय-समय पर आयोजित इस तरह की वर्कशॉप काफी मददगार साबित होती हैं। फैशन डिजाइनिंग की एचओडी रितु सोनी ने बताया कि इस 3 दिवसीय फैशन डिजाइनिंग के वर्कशॉप में विद्यार्थियों को पूजा शर्मा ने क्ले ईयरिंग, टाई एण्ड डाय दुपट्टा व टी-शर्टमोल्ड इट ज्वैलरी, ड्रिमकेचर और फेब्रिक ज्वैलरी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं डिजिटल मार्केटिंग के हेड आशिष शर्मा ने छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की महत्वपूर्ण टर्म जैसे कीवर्ड, एसईओ व मेटा डिस्क्रीपशन आदि के बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप के समापन समारोह में सोशल साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष मालती सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए और वर्कशॉप की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### पार्थिव रुद्राभिषेक कार्यक्र म के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में 17 जुलाई को रॉयल पैलेस गार्डन, चौमूँ में आयोजित होने वाले सामूहिक पार्थिव महारुद्राभिषेक व महाआरती के पोस्टर का विमोचन बाबा मेहरदास ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने किया। इस दौरान हरिरामानी ने बताया कि समाज में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। इन कार्यक्रमों से लोगों के धर्म के प्रति आस्था एवं परस्पर सद्भावना बनी रहती है। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, प्रचार प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, डॉ सुरेंद्र शर्मा एवं नगेंद्र वशिष्ठ आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डॉ. विशाल-निकिता परिणय सूत्र में बंधे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** डॉ विशाल और निकिता का पाणिग्रहण संस्कार सीकर रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में सम्पन्न हो गया। समाज के जाने माने गणमान्य लोग एवं प्रबुद्धजनों ने नवदम्पति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद राजस्थान (उत्तर-पूर्व) प्रान्त की ओर से मुरलीपुरा शाखा सचिव लोकचंद हरिरामानी के पौत्र डॉ. विशाल के विवाह समारोह में स्मृति चिन्ह भेट कर आशीर्वाद दिया। प्रांतीय सोशियल मिडिया प्रकल्प प्रमुख नगेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि समारोह में परिषद अध्यक्ष बीना पारीक कार्यकारणी के पदाधिकारी गोपाल शर्मा, पुष्पा वशिष्ठ, एवं बजरंग लाल शर्मा भी उपस्थित थे।

### टीम 10 अर्पण एक प्रयास के सफलतम 8 वर्ष पर पौधरोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर की टीम 10 को ग्रीन कॉरिडोर की देखरेख और उसमे पौधारोपण करते हुए 8 साल पूरे होने पर भव्य पौधरोपण कार्यक्रम शहीद कारगिल पार्क सेक्टर 2 में आयोजित किया गया।जिसमें टीम 10 के सयोजक पूर्व पार्षद समता महेंद्र चौधरी भाजपा नेता मुकुल सिंह साँचोरा मनोज गोयल सुशील अग्रवाल अभिमन्यु, नितिन,शालू पावा, पार्षद प्रियंका अग्रवाल, हरिओम सिंह, पार्षद सुमन राजवंशी आदि सभी ने पौधरोपण किया। सभी ने प्रण लिया कि इस बारिश में अधिक से अधिक पौधरोपण करेंगे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

ANCHOR

**द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022 रिपोर्ट**

# दुनिया के एक चौथाई कुपोषित भारत में

**रिपोर्ट में दावा- भारत दूध-सब्जी-दाल के उत्पादन में टॉप पर, लेकिन 22 करोड़ भारतीयों को भरपेट खाना नहीं**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली/ न्यूयॉर्क।** दुनिया में कोरोनाकाल के दुष्परिणाम अब दिखने लगे हैं। UN की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022 रिपोर्ट' के अनुसार 2019 के बाद लोगों का भूख से संघर्ष तेजी से बढ़ा है। 2021 में दुनिया के 76.8 करोड़ कुपोषण का शिकार पाए गए, इनमें 22.4 करोड़ (29त्न) भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक चौथाई से भी अधिक है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2021 के अनुसार, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। दूध, दाल, चावल, मछली, सब्जी और गेहूं उत्पादन में हम दुनिया में पहले स्थान पर हैं। फिर भी देश की बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है।

2019 में दुनिया में 61.8 करोड़ लोगों का भूख से सामना हुआ था, वहीं 2021 में यह संख्या



बढ़कर 76.8 करोड़ हो गई। यानी, सिर्फ 2 साल में 15 करोड़ (24.3त्न) लोग बढ़ गए, जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ।

### बीते दो साल में भुखमरी की रफ्तार तेज हुई

UN की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2004-06 में 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी। इन्हें या तो एक वक्त का खाना नहीं मिल पाया था या इनके भोजन में पौष्टिक तत्व 50% से कम थे। दुनिया में भुखमरी तो पिछले 15 साल से लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसकी रफ्तार पिछले दो साल में तेज हुई है। दूसरी ओर, भारत की स्थिति में थोड़ा सुधार देखने को मिला है। भारत में 15 साल पहले 21.6% आबादी कुपोषण का शिकार थी, अब 16.3% आबादी को भरपेट पौष्टिक खाना नहीं मिल पा रहा है।

### भारत में मोटापा बड़ी समस्या

रिपोर्ट के अनुसार भारत में भूख से जंग के मोर्चे पर धीमी रफ्तार में ही सही, कुछ सफलता जरूर मिली है। लेकिन, दूसरी ओर मोटापे की समस्या बढ़ रही है। 15 से 49 साल की उम्र वाले 3.4 करोड़ लोग 'ओवरवेट' कैटेगरी में आ गए हैं। जबकि, 4 साल पहले यह संख्या 2.5 करोड़ थी। इसी तरह महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) की समस्या बढ़ी है। 2021 में कुल 18.7 करोड़ भारतीय महिलाएं एनिमिक पाई गईं। 2019 में यह संख्या 17.2 करोड़ के करीब थी। यानी 2 साल में एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की संख्या डेढ़ करोड़ बढ़ गई है।

### देश में रईसी बढ़ने की रफ्तार अमेरिका- ब्रिटेन से भी ज्यादा

कोरोनाकाल में दुनियाभर में अमीर (200 करोड़ रु. से ज्यादा संपत्ति) 11% बढ़े है। कुल 13,637 हुए। 30 से ज्यादा अमीरों की संपत्ति दोगुनी हो गई। वहीं, आम भारतीय की औसत संपत्ति 7% तक घट गई।

# जागरूक खबरें

## ब्राह्मण समाज राजस्थान के भवन का हुआ शिलान्यास



**चौमू @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के भवन की नींव पूजन कार्यक्रम प्रदेशाध्यक्ष पं. अंबिका प्रकाश पाठक के सानिध्य व जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर आचार्य पं रामअवतार बासोतिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी पदाधिकारियों के हाथों से पाँच शिलाए रखवा कर भवन का शिलान्यास करवाया। जिलाध्यक्ष तिवाडी ने बताया कि सीकर रोड स्थित अनोखा गांव स्थित गोडो की ढाणी के श्याम विहार विस्तार में संगठन का भवन कार्यालय बनाया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जमुनालाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ शारदा शर्मा, प्रदेश विधि मंत्री एडवोकेट सुषमा पारीक, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेलो से होता हैं मानसिक और शारीरिक विकास- रामलाल



**चौमूँ @ जागरूक जनता।** ग्रामीण युवा कल्याण संस्था द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्राम पंचायत मोरीजा और जेतपुरा के सभी बूथों के मैच संपन्न हुए। मैच जेतपुरा के खेल ग्राउंड में खेला गया। जिसमें विधायक रामलाल शर्मा द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप में ड्रेस किट, खेल सामग्री वितरित की गई और सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने हौसला अफजाई बूथ नंबर 163 से लेकर 171 मध्य पहला मैच खेला गया, दूसरा मैच 164 और 169 के बीच में खेला गया, तीसरा मैच 170 और 171 के बीच में मैच खेला गया। सभी खिलाड़ियों ने बड़ी उत्साह के साथ मिलजुल कर एक दूसरे का हौसला अफजाई करते हुए मैच का लुफ्त उठाया। इस मौके पर जेतपुरा सरपंच सुरेश गुलिया, पंचायत समिति के पूर्व सदस्य कालूराम बड़बड़वाल, बांसा मंडल के मंत्री सोहन देवंदा, नगर पालिका पार्षद गजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत मोरिजा के बूथ अध्यक्ष सुल्तान गुर्जर, महावीर जांगिड़, लालचंद बागड़ा, कैलाश सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओ को मिला प्रशिक्षण सम्मान पत्र



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति एवं आशापुरा ब्यूटी सलून दादी का फाटक द्वारा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष नानकराम जी ने बताया कि जिसमें मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम की चेयरमैन रश्मि राजेन्द्र सैनी जी द्वारा सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।नया खेडा की प्रतिभा कवर ने प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया।सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र और ट्राफी भेट की गई।

## पापड़ के हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर सेक्टर 8 स्थित पापड़ के हनुमान मंदिर में 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर संत विकास समिति के मंत्री एवं पुजारी राजाराम दास (राजू बाबा) ने बताया कि गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में प्रातः 5:30 बजे से पूजा, अर्चना, अभिषेक एवं आरती प्रारंभ होगी। इसके बाद प्रातः 7:00 बजे से श्रद्धालु एवं शिष्य गण संतश्री रामसेवक दास जी के चरण पूजन प्रारंभ करेंगे। दोपहर 3:00 बजे से सत्संग एवं भंडारा प्रसादी प्रारंभ हो जाएगा।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिये सौंपा ज्ञापन, जनसंख्या कानून से ही हो सकता है देश का उत्थान



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** जनसंख्या फाउण्डेशन के जिला प्रभारी डॉ. हरि सिंह गोदरा के नेतृत्व में जनसंख्या नियंत्रण कानून को ले कर प्रधान मंत्री के नाम तहसीलदार गजेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं व समाज के संगठनों की बैठक आयोजित कर जयपुर में 31 जुलाई को प्रस्तावित हिन्दू हुंकार रैली के बारे में बताते हुए डॉ. गोदारा ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून से ही देश का उत्थान हो सकता है। जनसंख्या नियंत्रण से पर्यावरण संरक्षण व खाद्यान्न संकट में मदद मिलेगी। इस दौरान विहिप के विभाग संगठन मंत्री सतीश मिश्रा, सुमेर सिंह, कैलाश, गिरधारीलाल राठी, गंगाराम मौर्य भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सैनी आदि मौजूद थे। जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन के समन्वयक रामस्वरूप सैनी ने बताया जनसंख्या फाउण्डेशन के कार्यकर्ता 31 जुलाई की रैली के लिए उदयपुरवाटी विधान सभा क्षेत्र के गांवों में अधिकाधिक जनसंपर्क करेंगे।

## चंबल के बीहड़ पंचनद में 16-17 जुलाई को होगी नेशनल चंबल शूटिंग चैंपियनशिप

**धौलपुर @ जागरूक जनता।** कभी बागियों-डकैतों की शरणस्थली रही चंबल घाटी के पंचनद में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाईं देंगी, लेकिन गरजती यह बंदूकें पदक जीतने वाले निशानेबाजों की होंगी। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में महान क्रांतियोद्धा कमांडर-इन-चीफ गेंदालाल दीक्षित की याद में 16-17 जुलाई को 'नेशनल चंबल शूटिंग चैंपियनशिप' का आयोजन किया जा रहा है। शूटिंग प्रतियोगिता का ट्रायल किया जा रहा है। विशाल जलराशि के नजदीक चांदी की तरह चमकते रेतीले मैदान में होने वाली यह ओपन फ्री-फील्ड चैंपियनशिप देश की अलग और अनोखी तरह की प्रतियोगिता होगी।

### कांग्रेस के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में 44 नई नगरपालिकाओं का हुआ गठन

# नगरपालिकाओं की 'बाढ़', 240 हुई संख्या

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** प्रदेश में नगरपालिकाओं का जाल फैलता जा रहा है। वर्तमान सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में 44 नई नगरपालिकाओं का गठन किया गया है। अब प्रदेश में नगरपालिका की संख्या 240 पहुंच गई है। हालांकि इन नगरपालिकाओं में संसाधन उपलब्ध कराने में सरकार फेल नजर आ रही है। सरकार ने नगरपालिका गठन के नए मापदंड तय किए थे। इसमें जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय, आजीविका और दूसरे मानक शामिल किए गए। इसमें नगरपालिका की 10 हजार की जनसंख्या होना जरूरी किया गया है। इसमें 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर या इससे अधिक जनसंख्या घनत्व जरूरी है। स्थानीय प्रशासन के राजस्व प्राप्ति के स्रोत/औसत प्रति व्यक्ति आय 10 रुपए प्रति व्यक्ति अधिक होना तय किए गए थे। इन मानकों के आधार पर नई नगर पालिकाओं की घोषणा की जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में नई नगरपालिकाएं बनाने की घोषणा की थी। जिसके बाद स्वायत्त शासन विभाग लगातार नई नगरपालिकाओं की घोषणा कर रहा है।

### चुनाव अटके, कार्यालय भी नहीं बन पाए

सरकार ने आनन-फानन में चुनावी वादे पूर करने के लिए नगरपालिकाओं की घोषणा तो कर दी, लेकिन ना ही इन्हें कार्यालय मिल पाए हैं और ना ही इनमें चुनाव हो पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के आदेश की वजह से नई नगरपालिकाओं में चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही दफ्तर भी अभी तक नहीं बन पाए हैं। इसके पीछे स्टाफ की कमी को वजह बताया जा रहा है। उधर पंचायतों से भी रिकॉर्ड अभी इन नगरपालिकाओं को ट्रांसफर होना बाकी है। इन सभी कार्यों के लिए विभाग को बड़े फंड की जरूरत पड़ेगी।

### सरकार को मिला था फायदा

नगरपालिकाओं के साथ-साथ सरकार ने प्रदेश में तीन नए नगर निगम भी बनाए थे। इसमें जयपुर, जोधपुर और कोटा में निगम की संख्या एक से बढ़ाकर दो की गई है। इससे सरकार को फायदा हुआ। जयपुर में पहली बार कांग्रेस का बोर्ड बना। यही नहीं निकाय चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी भी दी।

## 2022 के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में 5वें नंबर पर सेंट विल्फ्रेड्स कॉलेज

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में शुमार सेंट विल्फ्रेड्स कॉलेज हर साल की भाति इस साल फिर राजस्थान के विद्यार्थियों के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। सेंट विल्फ्रेड्स कॉलेज ने आर्टस, कॉमर्स, साइंस, लॉ एंव बी.सी.ए. में उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड, प्लेसमेंट, टीचिंग मैथेडोलोजी, एक्सीलेण्ट रिजल्ट, क्वालिटी ऑफ फैकल्टी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुशासन एंव अपनी बेहतर छवि के फलस्वरूप एक बार फिर मुकाम हासिल किया है। यह सर्वे इंडिया टुडे पिछले 25 वर्षो से निरन्तर रूप से भारत के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों पर करता आ रहा है इस बार यह सर्वे मार्केटिंग एंड डवलपमेंट रिसर्च एसोसिएट (एमडीआरए) द्वारा भारत के 1000 से अधिक कॉलेजों के रैंकिग पैरामीटर को विजिट करके जांचा एंव परखा। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ फरीदा हसनी नें बताया कि टॉप टेन एमर्जिंग कॉलेज ऑफ सेंचुरी के खिताब में सेंट विल्फ्रेड्स कॉलेज ने पांचवे स्थान हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

सेंट विल्फ्रेड एजुकेशन सोसायटी के मानद सचिव डॉ. केशव बड़ाया नें कहा कि इन सभी रिकॉर्ड के साथ ही अनवरत एंव अथक परिश्रम, विधार्थियों का सम्पूर्ण संर्वागीण विकास, राष्टीय एंव अन्तराष्टीय सेमिनार एंव वेबीनार, कॉ-करीकुलर एक्टिविटिज के कारण यह कॉलेज तमाम अन्य कॉलेजों से बेहतर साबित करनें में मदद मिली, क्योंकि शुरूआत से ही सेंट विल्फ्रेड कॉलेज क्वालिटी एजुकेशन एंव प्लेसमेंट देनें में विश्वास रखता है। इसी के फलस्वरूप पूरे राजस्थान के बच्चों की क्वालिटी एजुकेशन हेतु राजस्थान से बाहर जानें की बहुत बडी समस्या का समाधान करतें हुये एक बेहतरीन विकल्प उपलब्ध कराया है।

गौरतलब है कि भारत के किसी भी सर्वे एजेन्सी के द्वारा कराये जाने वाले सर्वे में सबसे विश्वसनीय एम.डी.आर.ए. सर्वे द्वारा कॉलेज को दी गई इस उपलब्धि से कॉलेज विद्यार्थियों के साथ-साथ फैकल्टीज में सकारात्मक संदेश गया है तथा कॉलेज नें भविष्य में इससें भी बडी रैंक हासिल करनें की अपनी प्रतिबद्धता पर स्ट्रॉंगली जोर दिया है।

## पशु शेड में मक्खियों की रोकथाम और नियंत्रण

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** मक्खियाँ बारिश के मौसम अधिक सक्रिय रहती हैं। मक्खियों की आबादी बहुत अधिक होने पर पशु स्वास्थ्य और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। खाद, बिस्तर सामग्री पशु घरों में मक्खियों के लिए प्राथमिक प्रजनन स्थल हैं और ये मक्खियाँ पशुओं में बीमारी और पशुपालकों के आर्थिक नुकसान की कारण हैं । दुधारू पशुओं से कीट मक्खियों से सुरक्षा -पूंछ का फड़कना, लेग स्टैम्पिंग, सिर फेंकना, कान फड़कना, त्वचा का फड़कना, लात मारना और चटकना इत्यादि।

### मक्खियों के नियंत्रण के उपाय

» पर्यावरण प्रबंधन
» पशुओं की शेड से गोबर को बार-बार हटाएं तथा शेड से उचित दूरी पर खाद और मूत्र का उचित निपटान किया जाना चाहिए।
» शेड में और उसके आस-पास जल निकासी के पानी के ठहराव से बचें और उचित जल निकासी प्रदान करें। गीले कूड़े, सिलेज के रिसाव वाले क्षेत्रों, खाद के ढेर, पुरानी गीली घास या पुआल और मक्खियों को आकर्षित करने वाले किसी भी अन्य पदार्थ के संचय को हटा दें।
» खाद को पतला फैलाएं, इससे लार्वा और मक्खी के अंडों को आसानी से सुख जाते है जिससे आगे प्रजनन को रोका जा सकता है और खाद के ढेर को काले प्लास्टिक रैप से ढक दें।
» शाम के समय कच्चे नीम के पत्तों के साथ शेड में धूम्रपान करने से उपद्रव कम करने में मदद मिलेगी।
» नीचे और बाहर की ओर वायु प्रवाह उत्पन्न करने के लिए पंखे लगाकर वायु प्रवाह में सुधार करें जो खलिहान में मक्खी की गतिविधि को सीमित कर सकता है।
» **कीटनाशक एजेंट** - रासायनिक कीटनाशकों, सिंथेटिक कीटनाशकों, प्राकृतिक पौधों के इक्स्ट्रैक्ट का भी उपयोग किया जाता है।
» **जैविक नियंत्रण** - जैविक नियंत्रण घटक स्वाभाविक रूप से मक्खी के दुश्मन होते हैं जैसे शिकारी भृंग और घुन, परजीवी और ततैया। गम्बूसिया मछली, बैंगनी मार्टिन, चमगादड़, ड्रैगनफ्लाई, मेंढक, भिंडी भृंग आमतौर पर उपयोग किया जाता है।

**- डॉ शोभा बुरड़क और डॉ देवेंद्र चौधरी,** राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

### पायलट बोले-मैं तो सिर झुकाकर काम कर रहा हूं...

## मेरा लक्ष्य 2023 विस चुनाव में सरकार को रिपीट कराना है-सचिन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर/नई दिल्ली।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा- पिछले 25 साल में हम राजस्थान में सरकार रिपीट नहीं कर पाए हैं। पिछले 25 साल में जब भी कांग्रेस की सरकार बनाई है, हम अगली बार BJP से बहुत बुरी तरह हारे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद हम राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं करवा पाए हैं, यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। मेरा लक्ष्य शुरू से ही 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार को रिपीट करने का रहा है। दिल्ली में एक इंटरव्यू में पायलट ने कहा- ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम राजस्थान में सरकार रिपीट नहीं कर सकें। बस सरकार रिपीट करने के लिए हमें अलग तरीके से काम करना होगा। मैंने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अपना फीडबैक और सुझाव दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगर हम सब मिलकर और एक टीम के रूप में काम करेंगे, तो हम अगले साल के चुनाव में मतदाताओं का विश्वास बनाए रखने में सक्षम होंगे।

### लोग देख रहे हैं कि हम क्या बोल रहे हैं और कर रहे हैं

राहुल गांधी के सचिन के धैर्य की तारीफ करने, सीएम गहलोत के बागियों के साथ हाथ मिलाने और नकारा-निकम्मा वाले बयान पर पायलट ने कहा- मुझे कब तक सब्र रखना होगा? पार्टी नेतृत्व जहां भी और जब भी काम करने के निर्देश देता है, मैं तो गर्दन नीची करके पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। जहां तक नाम देने का सवाल है, मैं पहले ही कई बार इसका उत्तर दे चुका हूं। मुझे ऐसे संस्कार मिले हैं, जिसमें हर हालत में हमेशा गरिमापूर्ण और सम्मानजनक बर्ताव सिखाया है, चाहे सामने से कोई कितने ही आग्ेश में बोले। आखिरकार जनता और वोटर्स ही हमारे जज और ज्यूरी हैं, वे देख रहे हैं और सुन रहे हैं कि हम क्या कहते और करते हैं?

### बदलाव के सवाल पर जवाब नहीं

राजस्थान में चुनावी साल से पहले नेतृत्व परिवर्तन के सवाल पर पायलट ने कहा- मैं उस सवाल का जवाब देने की स्थिति में नहीं हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हम सभी का सामूहिक लक्ष्य और उद्देश्य अगले साल का विधानसभा चुनाव जीतना है। 2023 का विधानसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उसके छह महीने बाद ही 2024 का लोकसभा चुनाव है।

### सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को पकड़ने में हो रहा

पायलट ने उदयपुर चिंतन के फैसलों पर कहा- हमारी पार्टी ने उदयपुर डिक्लेरेशन को अपनाया है और इसे संगठन के सभी स्तरों पर लागू करने के लिए काम शुरू हो चुका है। पायलट ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा- आज सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कांग्रेस और विपक्षी नेताओं को पकड़ने के लिए किया जा रहा है। संस्थानों का खुले तौर पर राजनीतिकरण किया जा रहा है। हमारी प्रतिबद्धता इस देश के मेहनतकश किसानों, युवाओं, गरीबों और वंचितों के लिए आवाज उठाने और उनके लिए खड़े होने की है।

## संस्कारों की बात रचनात्मकता के साथ
# रावत एजुकेशनल ग्रुप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रचनात्मक सोच और प्रगतिशील विचार हमेशा विकास की राह की ओर अग्रसर करते है। जब कोई शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्य और नवाचार युक्त विचार की बात करता है तो वह भावी पीढ़ी के लिए एक नई सोच विकसित करता है जो उन्हें कर्तव्य पथ पर अग्रसर कर सके। रावत एजुकेशनल ग्रुप शिक्षा के साथ-साथ मूल्यों को स्थापित करने के लिए सदैव अग्रसर है। रावत ग्रुप की स्थापना 1983में चेयरमैन बी. एस. रावत द्वारा की गई और रावत बाल निकेतन के रूप में हुई एक शुरुआत आज एक विशाल ग्रुप के रूप में परिवर्तित हो चुकी है। RBSE हो या CBSE स्कूल से, हर दिशा में रावत ग्रुप के विद्यालय अपनी शैक्षिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता सिद्ध कर चुके हैं। रावत परिवार बेस्ट और अनुभवी फैकल्टी के साथ उत्तम शिक्षा उपलब्ध कराता है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी.एस.रावत एक कर्मठ व्यक्तित्व है जिनके कठिन परिश्रम और प्रयास से यह ग्रुप स्थापित हुआ है। रावत अपने प्रयासों के लिए गुणीजन सम्मान जो कि पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा दिया गया सहित अनेक सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।

रावत राष्ट्रीय उत्तराखण्ड सभा (राजस्थान) के अध्यक्ष हैं एव समाज सेवा के कार्यों में भी संलग्न हैं। इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अपने योगदान हेतु पूर्वराष्ट्रपति कलाम द्वारा भी सम्मान मिल चुका है, इसके साथ ही मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति इन्हें सम्मानित कर चुके हैं। ये अक्षेन्द्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष भी है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र रावत भी अपनी रचनात्मक सोच से ग्रुप को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ग्रुप के एक महत्वपूर्ण कर्णधार है जिन्हें अपने प्रयासों के लिए भारत गौरव, संस्कार गौरव, यूथ आइकॉन, गीता श्री सहित अनेक अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। नरेन्द्र रावत एक मोटिवेशनल स्पीकर, शिक्षाविद भी हैं। एक समाजसेवी के रूप् में इन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई हैं। ये अक्षेन्द्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव हैं इन्हें शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में दिये गए विशेष योगदान हेतु भारतीय अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा द्वारा इंडोइंटरनेशनल अवार्ड एवं अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा द्वारा इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड मिल चुका है। ये ब्रज भूमि फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट एवं समर्पण संस्थान एजुकेशन के ब्रांड एम्बेसडर भी है।



### रावत एजुकेशनल ग्रुप के विभिन्न संस्थान...

#### रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल,विवेक विहार (1983)

सर्वाधिक गार्गी पुरुस्कार प्राप्त करके रावत ग्रुप की यह शाखा RBSE टॉप स्कूल् के रूप में जानी जाती है। यहाँ प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में योग्यता सूची में विद्यार्थी अपना नाम दर्ज कराते है। यह विद्यालय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियो की बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करता है। प्रतिवर्ष बोर्ड के उत्कृष्ट परिणामो ने इसे श्रेष्ठ RBSE विद्यालय के रूप में स्थापित किया है।

#### रावत पब्लिक सी. से. स्कूल, मानसरोवर (1997)

RBSE प्रमुख विद्यालयों में से एक रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानसरोवर विद्यार्थियो के सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयासरत है। विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहता है और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का विकास किया जाताहै।

#### रावत पब्लिक स्कूल, प्रतापनगर (2009)

रावत पब्लिक स्कूल, प्रतापनगर CBSE के प्रमुख स्कूल में से एक है। यह विद्यालय शैक्षिक और सह शैक्षणिक क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुँच चुका है। प्रतिवर्ष बोर्ड के 10वीं और 12वीं के उत्तम रिजल्ट्स ने विद्यालय के गौरव को बढ़ाया हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरपर खेल, संगीत, डांस के क्षेत्र में प्राप्त किये जाने वाले अवार्ड्स ने विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। विद्यालय को ब्रिटिश काउंसिल द्वारा International School Award 2019-2022 भी प्राप्त हुआ है। स्काउट्स एंडगाइड्स सहित कई गतिविधियों में विद्यालय अग्रणी है।

#### रावत पब्लिक स्कूल, सोडाला (2013)

हिंदी मीडियम के साथ-साथ अंग्रेजी मीडियम में भी रावत ग्रुप के संस्थान अपना वर्चस्व कायम किये हुए हैं। अंग्रेजी मीडियम के इस विद्यालय में विद्यार्थियो की बहुमुखी प्रतिभा को पल्लवित करने हेतु प्रयास किये जाते है।

#### रावत पब्लिक स्कूल, भांकरोटा (2018)

रावत ग्रुप की एक नवींन ब्रांच रावत पब्लिक स्कूल, भांकरोटा में स्थापित की गई है विभिन्न सुविधाओं से युक्त CBSE का यह संस्थान विद्यार्थियो के लिए नवाचार युक्त शिक्षा देता है।

#### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास

रावतपी. जी. गर्ल्स कॉलेज (2003), रावत बी.एड. कॉलेज (2006), रावत नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग कॉलेज (2008) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक नवीन पहचान बनाये हुए हैं यहां स्थापित प्रोफेशनल कोर्सेज और विभिन्न संकायों में महिला विद्यार्थीयो को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किया जाता है।

#### निर्मला ऑडिटोरियम (2018)

रावत ग्रुप द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को जो कि अपनी प्रतिभा को सभी के सामने प्रदर्शित करना चाहते है पर मंच और अवसर के अभाव में नही कर पाते, रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर में निर्मला ऑडिटोरियम जो 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था से युक्त अत्याधुनिक ऑडिटोरिम है, स्थापित किया गया है।

#### रावत क्रिकेट ग्राउंड, भांकरोटा (2018)

समस्त सुविधा युक्त क्रिकेट ग्राउंड भांकरोटा में स्थापित है जहाँ युवा खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा को व्यक्त करने का अवसर दिया जाता है।












#### रावत स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स (2018)

इंडोरगेम्स, बैडमिंटन, टेबलटेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट आदि गेम्स की सुविधा युक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिसमे सेमिनार हॉल और मल्टीपर्पस हॉल भी है, रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर में स्थापित किया गया है। रावत एजुकेशनल ग्रुप रुप के सभी संस्थान समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान और उनकी बहुमुखी प्रतिभा के विकास हेतु अग्रसर है। ग्रुप में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव कल्याण संबंधी कार्यक्रम, चैरिटी वर्क इसे सबसे अलग बनाते है। प्रगति शील सोच के परिचायक के रूप में रावत ग्रुप शिक्षा जगत के श्रेष्ठ ग्रुप के रूप में स्थापित हो चुका है।

## जागरूक खबरें

### दूसरों की भलाई से ही संस्कृति अक्षुण्ण रह सकेगी- कुलपति सारंगदेवोत

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बडी परिसर में रविवार को 101 दिव्यांगजन शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल प्रोफेसर शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि मानवता के लिए कैलाश मानव जी एवं संस्थान परिवार अद्भुत कार्य कर रहा है। वास्तव में देवत्व को जागृत करने हेतु, मानवता से प्रेम, करूणा, समर्पण, त्याग की भावना और कर्तव्य बोध कराने वाली सेवा यहां देखी जा सकती है। सुखी जीवन के लिए सेवा जरूरी है। दूसरों की भलाई करके ही हमारी संस्कृति को अक्षुण्ण रख सकते है। उन्होनें रोगियों से बातचीत करते हुए संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि नाबार्ड उदयपुर के शशि कमल एवं के.के. कुमावत ने संस्थान के सेवा प्रकल्पों का अवलोकन किया। संस्थान निदेशक देवेन्द्र चौबीसा, संजय दवे, राकेश शर्मा, मोनिका गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्थान के आगामी पंचवर्षीय विजन डॉक्यूमेंट की जानकारी दी। आभार जितेन्द्र वर्मा ने किया।

### सांसद लहरसिंह सिरोया ने पीएम मोदी से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया



**नई दिल्ली/राजसमन्द @ जागरूक जनता।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रधान मंत्री मोदी ने नवनिर्वाचित सांसद लहर सिंह को उनके चुनाव पर बधाई दी, जबकि सिरोया ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। विदित रहे कि राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया राजसमन्द संसदीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंवारिया के रहने वाले है और काफी वर्षों से कर्नाटक में निवास करते हैं। हाल ही में सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में कर्नाटक से कड़ी स्पर्धा के बाद राज्यसभा सांसद के लिए निर्वाचित हुए हैं।

### राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा सरनाऊ के चुनाव सम्पन्न



**सरनाऊ @ जागरूक जनता।** स्थानीय पंचायत समिति सरनाऊ मुख्यालय पर पर्यवेक्षक बाबूराम सुथार एवं चुनाव प्रभारी बलदेवभाई पुरोहित के पर्यवेक्षण में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा सरनाऊ की नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें केराराम खिलेरी को ब्लॉक अध्यक्ष, बिजलाराम देवासी को जिला प्रतिनिधि पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।इसी तरह, सुरेश कुमार खिलेरी ब्लॉक मंत्री, शंकरलाल चौधरी ब्लॉक उपाध्यक्ष, जंयतिलाल जीनगर को कोषाध्यक्ष, रामप्रसाद मीणा को संगठन मंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक बाबूराम सुथार ने संघ के विधान और नियमों की सत्यनिष्ठा से पालना करने की शपथ दिलाई गई है। जिला प्रतिनिधि बिजलाराम देवासी ने साथियों के व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं के लिए एकजुट होकर निराकरण करने का आह्वान किया है। ब्लॉक अध्यक्ष केराराम खिलेरी ने शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से चुनाव करवाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। निर्वाचित सभी कार्यकारणी सदस्यों का साफा और माला पहनाकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर आसूराम ढाका, दिनेश कुमार ढाका, भूराराम मेघवाल, जसवंतपुरा के ओमप्रकाश विश्नोई, रामकिशन विश्नोई सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### पशुपालन को बढावा देने के लिए बिना ब्याज के मिलेगा ऋण-डेयरी अध्यक्ष जाट

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चित्तौड़-प्रतापगढ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा पशु पालन को बढावा देने के लिये गत बोर्ड बैठक के निर्णय के अनुरूप पशु खरीद के लिये ऐसी समितियां जो 200 लीटर से अधिक प्रतिदिन दुध उपलब्ध कराएगी उनके दस पशु-पालको को पशु क्रय करने के लिये बिना ब्याज के 30-30 हजार रूपये उपलब्ध करायें जायेंगे। डेयरी संघ अध्यक्ष ब्रदीलाल जाट जगपुरा ने बताया कि चित्तौड़ व प्रतापगढ जिले में श्वेत क्रांति को बढावा देने के लिये इस नई योजना के फलस्वरूप कई पशु पालक आसानी से अच्छा दुध देने वाले पशु खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऋण के रूप में दी गई राशि दस माह में लौटानी होगी अथवा मात्र सौ रूपया प्रतिदिन किश्त के हिसाब से ऋण चुका सकेंगे। डेयरी अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक दुग्ध उत्पादक समिति के सचिवों के लिये प्रोत्साहन राशि में भी वृद्धि की गई है। जिसके तहत 251 से 300 लीटर प्रतिदिन उपलब्ध कराने पर 8 पैसे प्रति लीटर, 351 से 350 लीटर दुग्ध देने पर 10 पैसा, 351 से 400 लीटर पर 12 पैसा, 400 से 500 लीटर पर 15 पैसा, 501 से 600 लीटर पर 18 पैसा तथा 601 से अधिक दूध उपलब्ध कराने पर 20 पैसा प्रति लीटर की वृद्धि से श्वेत क्रांति को बढावा मिल सकेगा। वही दुग्ध सहकारी समिति सचिव भी दूध उत्पादन एंव ₹ य करने में रूचि लेकर अधिक आय अर्जित कर सकेंगे।

### बालाजी के मंदिर में दिखा 2 मुंह का सांप



**टोंक @ जागरूक जनता।** देवली क्षेत्र में दो मुंह और चार आंखों वाले सांप को देखा गया। यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के आरटीसी परिसर स्थित रसेल सैंड बोआ प्रजाति का सांप मिला, जिसको स्नेक एक्सपर्ट टीम ने रेस्क्यू कर वन विभाग के अधिकारी को सौंपा।विभाग के उच्चाधिकारियों की अनुमति से सांप का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर सुरक्षित खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल परिसर में बालाजी मंदिर में लोगों को दो मुंह का सांप रेंगता नजर आया। इसे देखने के लिए लोग बालाजी मंदिर जुटने लगे। सूचना पर स्नेक एक्सपर्ट लोकेंद्र सिंह चौधरी, साथी वेद प्रकाश के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सांप को रेस्क्यू किया गया। जिले में पहली बार इस तरह का सांप देखा गया ।

**13वां रंग मल्हार : सामाजिक एवं परिवेशीय सरोकारों के लिए चितेरों का प्रेरक समर्पण**

# अच्छे मानसून के लिए चित्रकारों ने भरे कल्पनाओं के रंग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net







**जोधपुर।** अच्छी बारिश और भरपूर हरियाली के साथ खुशहाल लोक जीवन की कामना को लेकर हर साल 10 जुलाई को होने वाला अन्तर्राष्ट्रीय परंपरागत रंग मल्हार उत्सव आनलाईन आयोजित हुआ। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के वरिष्ठ चित्रकार डॉ. विद्यासागर उपाध्याय की परिकल्पना पर आधारित इस 13 वें वार्षिक आयोजन 'रंग मल्हार-2022' में जोधपुर सहित देश-विदेश के चित्रकारों ने ऑनलाईन हिस्सा लिया और अपनी कूंची व रंगों से अपने मन की कल्पनाओं को बिम्ब प्रदान किए। रंग मल्हार के जोधपुर कार्यक्रम संयोजक केशव वरनोती ने बताया कि राजस्थान में 13 वर्ष पूर्व इन्द्रदेव को खुश करने के लिये के कलाकारों द्वारा प्रारंभ किया गया रंगों का अनुष्ठान रंग मल्हार लगातार जारी है। इस आयोजन में हर वर्ष पर्यावरण के अनुकूल थीम को कैनवास के धरातल के रूप में लिया जाता हैं और वस्तुओं पर चित्रांकन किया जाता है। इस बार के आयोजन में झण्डे को बतौर कैनवास प्रयोग में लाया गया। इससे पूर्व पिछले वर्षों में अब तक हुए आयोजनो में रंग मल्हार के जो ऑब्जेक्ट्स रहे हैं उनमें छाता, हेट, मास्क, फिरकी, कार, आर्मी हेलमेट, ग्लोब, साइकिल, ,लालटेन, पंखी, केरीबैग और टी-शर्ट शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष रंग मल्हार के लिए वस्तु के रूप में कपड़े के बने झण्डे पर चित्रांकन किया गया। इस कपड़े के झंडे पर जोधपुर के कलाकार श्वेता माथुर, वैद्य पूंजीलाल वरनोती, यतीश कासरगोड, प्रदीप्त किशोर दास, टीकम खडप्पा, छाया त्रिवेदी, गीता चौधरी, डॉं. अक्लेशवर माथुर, केशव वरनोती, अक्षिता माथुर, अनुराधा अरोड़ा, नीलू बोराणा व प्रियंका बोहरा आदि ने विरासत, पर्यावरण, योग आदि विषयों पर अपनी मौलिक शैली में मनोहारी एवं आकर्षक चित्रांकन किया।

इस आयोजन का मकसद सांस्कृतिक सौहार्द, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति को युवाओं से परिचित कराना है। वरनोती ने बताया कि जोधपुर में रंग मल्हार का प्रथम आयोजन वर्ष 2018 में किया गया था, जिसमें जोधपुर के कलाकारों द्वारा लालटेन पर चित्रण किया था। विगत वर्षों में जोधपुर के कलाकारों द्वारा लालटेन, बीजणी, कैरीबैग, टी शर्ट आदि पर कलाकारों द्वारा चित्रण किया गया हैं। इस आयोजन में ईस्टर्न फाउण्डेशन ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर के प्रदीप्त किशोर दास एवं 27 आर्ट पॉइन्ट के टीकम खण्डपा का सहयोग रहा।

**व्यास पूर्णिमा महोत्सव**

## कंचन धाम : दो दिवसीय गुरु पूजन कार्यक्रम में जुटेंगे हजारों श्रद्धालु



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**गेंडोंली-खटकड़।** द्वादश ज्योतिर्लिंग कंचन धाम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कंचन धाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय और देश के अन्य भागों से आए श्रद्धालुओं ने भजन गायन प्रस्तुत किया। 13 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से ही गोलोक वासी गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्ण दास कंचन महाराज की समाधि पर चरण पूजा प्रारंभ हो जाएगी। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवान सिंह, महासचिव पुरुषोत्तम खंडेलवाल, पवन कक्कड़, पंडित राम किशन शर्मा एवं राजेश ताम्बी, द्वारिका प्रसाद शर्मा सहित अनेक भक्त अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी प्रकार गोवर्धन स्थित कंचन धाम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें ओमप्रकाश लाला, जगदीश शर्मा, प्रमोद शर्मा वकील साहब एवं पंकज शर्मा सहित आने भक्त अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गोवर्धन स्थित रामानंद आश्रम में महंत रामअनुग्रह दास के नेतृत्व में गुरु पूजन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कृष्णदास कंचन महाराज के श्रीचरणों का पूजन किया जाएगा। साथ ही, संतों व आमजन के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा।

### योग आश्रम में चार दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन



**सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय योग विद्या प्रचार संघ के तत्वावधान में आश्रम संचालिका मां राधे के नेतृत्व में चार दिवसीय गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 10 जुलाई से प्रारंभ कार्यक्रम में गणेश पूजन, ध्वजारोहण, सत्संग, योग साधना एवं गुरु पूजा कार्यक्रम शामिल है। मुख्य कार्यक्रम 13 जुलाई को गद्दी एवं गुरु पूजन प्रातः 7:00 बजे से प्रारंभ होगा।

## कागजों से बाहर नहीं आया रेल कोच रेस्टोरेंट, टेंडर प्रक्रिया अधूरी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** रेलवे जहां अपने कार्यों को जल्द पूरा करने का दावा कर रहा है, वहां रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने के मामले में यह दावा खोखला साबित होता नजर आ रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल ने अन्य स्त्रोतों से रेल राजस्व जुटाने का अनूठा प्रयोग करते हुए रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने की घोषणा की थी, लेकिन जोधपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व आमजन के लिए खुलने वाला रेल रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स एक साल बाद भी मूर्तरूप नहीं ले पाया और यह रेस्टोरेंट अभी कागजी कार्यवाही में ही अटका हुआ है। हाल यह है कि इस रेस्टोरेंट के लिए अभी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। इस वजह से रेल कोच रेस्टोरेंट खुलने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है।

जोधपुर मण्डल के पांच प्रमुख स्टेशनों जोधपुर, भगत की कोठी, महामंदिर, बाडमेर व जैसलमेर में रेल रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स खुलने थे। रेलवे ने गत वर्ष दीपावली पर शहरवासियों को यह सुविधा उपलब्ध कराने का विश्वास जताते हुए तैयारी भी शुरू कर दी थी, लेकिन इसके आगे पूरी प्रक्रिया ही रुक गई।

### सर्कुलेटिंग एरिया में खुलने थे रेस्टोरेंट

**जोधपुर** मण्डल के जोधपुर, भगत की कोठी, महामंदिर, बाडमेर व जैसलमेर रेलवे स्टेशनों पर सर्कुलेटिंग एरिया में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) अवधारणा पर रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जाने थे। इसके तहत रेलवे निजी संचालकों को एक खाली रेल कोच उपलब्ध कराना तय हुआ था। इसमें संचालक की ओर से अपनी क्षमता और सुविधानुसार कोच को रेस्टोरेंट में बदलना तय हुआ था। रेस्टोरेंट में खाने की वस्तुएं, खाना पैक करने व साथ ले जाने की भी सुविधा होगी।

### प्लेटफॉर्म टिकट लेने की जरूरत नहीं

**रेलवे** स्टेशन के पार्किंग वाले क्षेत्र में रेल कोच रेस्टोरेंट होने की वजह से किसी ग्राहक को प्लेटफार्म टिकट लेने की जरूरत नहीं रहेगी। इसमें ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ आम लोगों को भी यह अनूठा आनंद लेने का मौका मिलेगा।

### 2007 में शुरूआत

**रेलवे** बोर्ड ने कुछ वर्ष पहले देश में खराब व अनुपयोगी पड़े रेल कोचों का नवीनीकरण करके रेल भोजनालय स्थापित करने का फैसला किया था। अनेक शहरों में यह व्यवस्था पहले से चल रही है। उल्लेखनीय है कि सबसे पहले मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने 2007 में शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन के कोच में रेल कोच रेस्टोरेंट की अवधारणा शुरू की थी।

**बिरला सीमेंट लाइम स्टोन माइंस**

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बिरला कारपोरेशन लिमिटेड की बिरला सीमेंट लाइमस्टोन माइंस द्वारा ग्राम गुर्जर खेड़ा पंचायत नगरी में निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम.पी.बिरला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेण्टर के अनुभवी डॉ जमुना लाल द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के पश्चात निःशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर का आयोजन चामुंडा माता जी का मंदिर गुर्जर खेड़ा पर किया गया। शिविर का शुभारम्भ सरपंच देवकिशन रेगर, नारायण गुर्जर तथा बिरला सीमेंट वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में बिरला कारपोरेशन लिमिटेड की चंदेरिया इकाई के विनोद पालीवाल, नरेंद्र मेनारिया, अरुण कुमार माली, दिगेंद्र सिंह सोलंकी, एकलव्य भट्ट, रतिकांत चौधरी एवं एफ़ आर बक्शी का विशेष योगदान रहा। शिविर में लगभग 140 स्थानीय ग्रामीणों ने अनुभवी चिकित्सकों से दवा, स्वांस रोग, चर्मरोग, आँख, नाक, गला सम्बंधित रोगों का निदान प्राप्त किया।

बिरला कारपोरेशन लिमिटेड चंदेरिया के यूनिट हेड सुनील सूद के निर्देशन में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ पर प्लांट एरिया में किया गया। इस अवसर पर प्लांट के अधिकारी प्रदीप सिंह बघेल, संदीप सिन्हा, के. के. पांडे, दिनेश जागेटिया, मुकेश देवपुरा, प्रेमचंद धायल, रणजीत प्रसाद, हितेंद्र सिंह, एन. पी. दाधीच, प्रदीप ऋषि एवं पर्यावरण विभाग के विनोद पालीवाल, एफ़. आर. बक्शी, लोकेन्द्र दवे एवं एकलव्य भट्ट द्वारा पौधारोपण किया गया।

## संस्कृति द स्कूल में मनाया गया 19वाँ स्थापना दिवस

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**अजमेर।** कायड स्थित संस्कृति द स्कूल ने बीते दिनों 19वें वर्ष में कदम रखा। स्थापना दिवस पर विद्यालय के छात्र, छात्रा, अभिभावक, मैनेजमेंट पदाधिकारी व विद्यालय स्टाफ के द्वारा गरिमामय व उद्देश्यपरक रुप से मनाया गया। स्थापना दिवस पर सत्र 2022-23 के लिए छात्र परिषद की नवकार्यकारिणी गठित की गई जिसमें हेड बॉय भव्यांष शर्मा, हेड गर्ल ऐरा डागरा के प्रतिनिधित्व में चारों सदन क्रमशः सिग्निस हरक्यूलिस, पेगेसिस, ऑरायन के कप्तान व अन्य प्रतिनिधियों ने शपथ लेकर विद्यालय के विकास हेतु सौंपी गई जिम्मेदारियों के प्रति पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा पालन का संकल्प लिया। सामाजिक व पर्यावरण सरोकारों के प्रति कटिबद्ध संस्कृति द स्कूल में हर वर्ष की भांति स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण की परम्परा का पालन किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों को जीवन में वृक्षों का महत्व समझाया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के.त्यागी ने विद्यालय चेयरमैन सीताराम गोयल विद्यालय निदेशक सुधीर गोयल, मुकेश गोयल व अन्य पदाधिकारियों, अभिभावको व विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने व उत्तरोत्तर विकास का आश्वासन दिया। स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य (सीनियर) डॉ. मनोज भारद्वाज (जूनियर) अल्पना सिंह परमार के निर्देशन में नव कीर्तिमानों को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

**भामाशाहों को प्रेरित कर विद्यालय का किया कायाकल्प**

## कमाई का कुछ हिस्सा अन्य कार्यों में खर्च करें-बिश्नोई



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखंड के निकटवर्ती विरोल बड़ी गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह द्वारा निर्मित दो कमरों का लोकार्पण राजस्व राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई की मौजूदगी में किया गया। लोकार्पण समारोह में नर्मदा परियोजना के चेयरमैन राव मोहन सिंह, हिंदू सिंह दूठवा प्रधान प्रतिनिधि, श्रीराम गोदारा जिला शिक्षा अधिकारी जालोर, कुंपाराम चौधरी पूर्व प्रधान, सेठ भंवर लाल चंदन, रिकबचंद मेहता, धर्मेंद्र संघवी,चंपालाल चंदन एवं पूनमचंद सीबीओ के विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान राज्य मंत्री में सुखराम विश्नोई ने कहा कि सभी को अपनी कमाई का कुछ अंश विद्यालय के भौतिक संसाधनों के विकास के साथ-साथ अन्य कार्यों में खर्च करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशन लाल सारण व ग्राम वासियों द्वारा भामाशाह परिवार द्वारा शांतादेवी दलीचंद्र चंदन पुत्री शिल्पा मुकेश संघवी जमाई मुकेश शांतिलाल संघवी दोहित्री कियोशा के दीक्षा ग्रहण करने के उपलक्ष्य में कैसी देवी हस्तीमल बोकड़िया द्वारा दो कक्षा कक्ष बना कर देने पर आभार जताया। भंवर लाल चंदन परिवार की तरफ से स्थानीय विद्यालय में वर्ष 2021-22 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम आने वाले सभी विद्यार्थियों को 11 सौ रुपए नकद पारितोषिक प्रदान किया। इसके साथ ही विद्यालय में चंदन परिवार की ओर से पौधरोपण किया। कार्यक्रम में शांतादेवी दलीचंद चंदन ने विरोल स्थित अपने पैतृक आवास को गांव में सार्वजनिक कार्य भेंट करने की घोषणा की। इस मौके पर गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ANCHOR

**विश्व जनसंख्या दिवस 2022**

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी

### धरना-प्रदर्शन के बाद कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर जहां बढ़ती आबादी को लेकर पूरी दुनिया में मंथन का दौर जारी है, इस बीच जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर भी अलग-अलग संगठन लगातार आंदोलन और मुहिम चला रहे हैं। विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर धरना दिया और जुलूस के रूप में कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे और संगठन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग पर ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ता सोमवार सुबह 10.30 बजे महावीर पार्क के पास एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि दूसरे देशों की तरह भारत में भी जनसंख्या पर सख्त कानून होना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सके। राष्ट्रीय सह संयोजक डॉक्टर नीलम मूंदड़ा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देशभर में 400 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या असंतुलन के कारण देश में संभावित गृह युद्ध को रोकने के लिए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिए जा रहे हैं। ज्ञापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या का भार वहन कर रहा है, जबकि आबादी के अनुपात में हमारा भूभाग सिर्फ 2.4



प्रतिशत है। जल भी विश्व का महज 4 प्रतिशत है। यही कारण है कि सरकार के तमाम उपायों के बावजूद देश मे गरीबी और बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। फाउंडेशन जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर आठ वर्षों से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में देशभर में अभियान चला रहा है। अभियान को आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, संगठन के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। राष्ट्रीय संयोजिका ममता सहगल के दिशा निर्देशानुसार ज्ञापन दिया गया। ज्ञात रहे की इस विषय में 9 अगस्त 2018 को भारत के राष्ट्रपति से संगठन एंव सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट करके उन्हें कानून की मांग के समर्थन में 125 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित संगठन मांग पत्र सौंपकर सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ करने का अनुरोध किया। इस दौरान कार्यकर्ता जानी देवी, सीमा भुवन माथुर, रजेश्वरी साबु, नीतू, पायल प्रजापत, मीनाक्षी मेहरा, वैजयंती मेहरा, भूमि कृपलानी, मधु त्रिवेदी, नवलिका चौहान, राखी डागा, सीमा जैन सहित अनेक कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रही।

देश में जनसंख्या और बेरोजगारी बढ़ी है। ऊपर से महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। दूसरे देशों में जनसंख्या को लेकर सख्त कानून बना हुआ है और उसी कानून के आधार पर वह विकसित और शक्तिशाली देशों में शामिल है।
**डॉ. नीलम मूंदड़ा,** राष्ट्रीय सह संयोजक, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

जागरूक जनता
JAGRUK JANTA

स्मार्ट पब्लिक स्कूल
(प्ले ग्रुप से 5वीं तक - अंग्रेजी माध्यम)
वातानुकूलित कमरें, खेल-खेल में पढ़ाई
क्वालीफाई टीचर, खुला वातावरण
Admission OPEN
गरीब (अत्यंत निर्धन), होनहार बच्चों को फीस में रियायत दी जाती है।
शिवानी सैन
प्रिंसिपल
नन्द किशोर शर्मा
संचालक
4/289, पानी की टंकी के पास, विद्याधर नगर, जयपुर मो.-7014125854, 9461790454

# एनडीए राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू आज जयपुर में करेंगी रोड शो

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई की बजाय 13 जुलाई को जयपुर दौरे पर आएंगी। सूबह 8 बजे होटल क्लार्क्स आमेर में भाजपा सांसदों-विधायकों, जनप्रतिनिधियों और आदिवासी समाज के नेताओं के साथ उनकी चाय पर चर्चा होगी। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजस्थान में भाजपा ने उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को इलेक्शन एजेंट बनाया है।



# नए संसद भवन में कांसे का राष्ट्रीय चिह्न लगाया गया

## 9500 किलो वजनी, 6.5 मीटर ऊंचा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की छत पर 6.5 मीटर लंबे व 9500 किलो वजन वाले कांस्य राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने नए संसद के काम में लगे कार्यकर्ताओं से भी बातचीत भी की। पीएम के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी भी मौजूद थे। हाल ही में हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि सेंट्रल विस्टा एवेन्यू की पुर्नविकास परियोजना के तहत विजय चौक से इंडिया गेट तक का काम 18 जुलाई तक पूरा हो जाएगा।

## नेशनल हेराल्ड मामले


# ईडी ने सोनिया गांधी को फिर जारी किया समन, 21 को होगी पूछताछ

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को नया समन जारी किया है। अब ईडी ने सोनिया गांधी को 21 जुलाई को पेश होने को कहा है। इससे पहले जब ईडी ने समन जारी किया था तो स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए सोनिया गांधी ने इसे पोस्टपोन करने का निवेदन किया था। सोनिया गांधी का निवेदन स्वीकार करते हुए ईडी ने पूछताछ की तारीख जुलाई के आखिरी सप्ताह बढ़ाने की बात कही थी। 75 वर्षीय सोनिया गांधी ने ईडी को पत्र लिखकर कहा था कि डॉक्टरों ने उन्हें घर पर ही कुछ समय तक रेस्ट करने को कहा था। बता दें कि सोनिया गांधी कोरोना से संक्रमित हो गई थीं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पहले उन्हें 23 जून को ईडी के सामने पेश होना था। वहीं राहुल गांधी इसी मामले में ईडी के दफ्तर में कई दिनों तक पेश हुए थे।










भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

जयपुर, बुधवार | 13 जुलाई - 19 जुलाई, 2022





### जयपुर में हथिनी ने टूरिस्ट पर किया हमला

# सेल्फी लेने के दौरान मारी सूंड, बच्चा बचा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार सुबह 50 नंबर हथिनी ने एक पर्यटक पर सेल्फी लेने के दौरान हमला कर दिया। मुस्कान नाम की हथिनी ने पहले पर्यटक को अपने से दूकर करने के लिए सूंड से धक्का दे दिया। फिर उसके बच्चे की ओर बढ़ी। जिसे देख सड़क पर हड़कंप मच गया। घटना होने के तुरंत बाद आमेर महल के अधीक्षक पंकज धरेन्द्र ने हथिनी को रोस्टर से बाहर कर दिया। हथिनी के मालिक को मुस्कान का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट लाने के तक महल आने पर रोक लगा दी है।

स्थानीय निवासी मुकेश सैन ने बताया कि एक हथिनी के सामने सेल्फी लेने के दौरान हथिनी को सेल्फी नागवार गुजरी कि उसने पास से गुजर रहे पर्यटक को लात मार दी। मामला यहीं शांत नहीं हुआ। पर्यटक के साथ मौजूद दस साल के बच्चे को भी सूंड से धक्का मार दिया। बच्चा गिर गया, पैरों के नीचे कुचलने से बचा। इस हादसे के बाद भीड़ लग गई। बाद में हथिनी को वापस हाथी गांव भेज दिया गया। अब उसे मेडिकल जांच में रखा गया है। मेडिकली पूरी तरह फिट होने के बाद ही उसे वापस बेडे में शामिल किया जाएगा।



फाईल

### हथिनी मुस्कान का नम्बर है 50

मुस्कान अपने महावत के साथ सवेरे हाथी गांव से आमेर महल की ओर जा रही थी। करीब 9 बजे आमेर थाने के सामने से निकलने के दौरान एक पर्यटक हथिनी के सामने आ गया। वह सेल्फी लेता उससे पहले हथिनी को गुस्सा आ गया। वह आऋ ामक हो गई। बाद में हथिनी को वापस आमेर स्थित हाथी गांव भेज दिया गया। आमेर सवारी कराने वाले प्रबंधन का कहना है कि अब हथिनी का मेडिकल सर्टिफिकेट जारी होने के बाद ही उसे वापस बेडे में लिया जाएगा। जब तक वह अनफिट रहेगी तब तक उसे आमेर में नहीं लाया जाएगा। गौरतलब है कि हाथी गांव में वर्तमान में करीब सौ से भी ज्यादा हाथी रह रहे हैं। इनमें से करीब 89 को रोस्टर सिस्टम के आधार पर आमेर महल में सवारी के लिए लगाया जाता है।

### होटल, गेस्ट हाउस संचालकों की पुलिस के साथ बैठक

# जयपुर के होटलों में जल्द होगी ई विजिटर पोर्टल से एंट्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बढ़ते अपराधों की रोकथाम और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्ती दिखाई है। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अब देशी और विदेशी पर्यटकों का ब्योरा ई विजिटर पोर्टल पर सुरक्षित रखा जाएगा। इसी सिलसिले में शहर के बिड़ला सभागार में जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से होटल, गेस्ट हाउस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान ई विजिटर पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई।

होटल और गेस्ट हाउस संचालकों ने होटल में ठहरने वाले गेस्ट के तमाम एंट्री रजिस्टर में दर्ज करने की बात कही, लेकिन एडिशनल कमिश्नर क्राइम अजयपाल लांबा ने सख्त लहजे से पुलिस के निर्देशों की पालना करते हुए तमाम जानकारी अब ई विजिटर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। बैठक में मौजूद होटल और गेस्ट हाउस संचालकों ने कहा कि इस पोर्टल पर ब्योरा फीड करने के दौरान समय व्यर्थ होगा। कर्मचारियों की जरूरत होगी। यही नहीं पॉवर कट या सरवर डाउन होने पर भी परेशानी खड़ी होगी।

ऐसी तमाम बातों पर जल्द सुधार करने का हवाला देकर एडिशनल कमिश्नर क्राइम अजयपाल लांबा ने कहा कि इस पर उनकी टीम काम कर रही है। ई विजिटर पोर्टल का मुख्य उद्देश्य है कि इससे पुलिस होटल में रुकने वाले हर व्यक्ति की जानकारी ऑनलाइन देख सकेगी। अगर किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक व्यक्ति होटल में रुकता है। अपराध कर के भागता है तो पुलिस उस तक जल्दी पहुंच जाएगी।

## जागरूक खबरें

### म्युज़िकल सफ़र इंडिया द्वारा म्युज़िक मेलोडी सीजन-4 आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय संस्था म्युज़िकल सफ़र इंडिया की तरफ से शहर में म्युज़िक मेलोडी सीजन 4 का एक भव्य और सफल आयोजन किया गया जिसमें देशभर से 50 कलाकारों ने भाग लिया। आगरा, रोहतक, धौलपुर, जोधपुर, झुंझुनूं और जयपुर आदि शहरों से आये हुए कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से किया गया तत्पश्चात एक से बढ़कर एक गायन और नृत्य की प्रस्तुतियां देखने को मिली जिसमें वंदना का नृत्य, सर्वदमन की बांसुरी वादन और सपना पाठक के गायन को खूब सराहा गया । प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने बताया कि कार्यक्रम से पहले कलाकारों के टीजर शूट किए गए थे जिसमें संस्था के अधिकृत यूट्यूब चैनल सबसे अधिक व्यूज़ पाने वाली नन्ही कलाकार नवनीत को सम्मानित किया और साथ ही कार्यऋ म में आए प्रत्येक कलाकार और अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके अतरिक्त पिकलबॉल स्पोर्ट्स में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश की ओर से 50 प्लस केटेगरी में अब तक सबसे अधिक मेडल प्राप्त करने वाले अश्विनी वाधवा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिनेत्री व नृत्य गुरु उषाश्री रही और विशिष्ट अतिथि पवन गोयल रहे। शानदार मंच संचालन सपना पाठक व वासुदेव मोटवानी ने किया। कार्यक्रम में हेमंत, देवेन्द्र, प्रीती, अतुल, सतीश, अनिल, गौरी, वसीम, रमिता, प्रियंका, भानू, कपिल, सीमा, विनीत, निरमा, अंकुर, अमित, राजेन्द्र, रनबीर, अजोय, सर्वदमन दुष्यंत, गुंजन, हरीश, जुगलकिशोर, मनोज, नवीन, नवनीत, पारुल, प्रणव, प्रेम, रजनीश, राशि, रिया, रूपा, संतोष, शैलेन्द्र, सुराज, सुरेखा, स्वीटी, वीनू आदि कलाकारों ने शिरकत की।

### ठाकरे कर सकते हैं द्रौपदी मुर्मू का समर्थन- संजय राउत

**मुंबई @ जागरूक जनता।** शिवसेना के प्रवक्ता एवं सांसद संजय राउत ने मंगलवार को संकेत दिया कि पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को पार्टी का समर्थन करने की घोषणा करने की संभावना है। एक बैठक में ठाकरे के साथ बैठक में शिव सेना के अधिकतर सांसदों ने मुर्मू को समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की है।

### मोटरसाइकिल रैली का किया आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जयपुर मंडल द्वारा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली किशनगढ़ से जयपुर स्टेशन पहुंची जहां पर इसका स्वागत RPF थाना प्रभारी नरेश यादव व स्टेशन अधीक्षक गोपाल पवार द्वारा किया गया। मंगलवार को 10 बाइक सवारों की रैली को जयपुर स्टेशन से, स्टेशन डायरेक्टर जीसी गुप्ता व RPF थाना प्रभारी नरेश यादव ने झंडी दिखाकर वनस्थली के लिए रवाना किया गया। इस दौरान आरपीएफ व रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

# मल्टीस्टोरी में पानी कनेक्शन होंगे सस्ते, चार्ज ₹25 वर्गफीट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर में सवा चार लाख मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के फ्लैट व रेजिडेंशियल टाउनशिप में पानी कनेक्शन का चार्ज जल्द ही कम होगा। फ्लैट में कनेक्शन का चार्ज 42 रु. प्रति वर्ग फीट के बजाए अब 25 से 30 रु. प्रति वर्ग फीट लगेगा। इसके साथ ही केवल 5 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की अनिवार्यता रहेगी। जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर (शहरी) की अध्यक्षता में बनी 6 सदस्यीय कमेटी ने बिल्डर्स, टाउनशिप डवलपर्स एवं रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर नई पॉलिसी पर चर्चा की। नई पॉलिसी अगले सप्ताह जारी हो जाएगी। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने 25 जून को मीटिंग कर अधिकारियों को 15 दिन में नई पॉलिसी बनाने का आदेश दिया था। कमेटी में चीफ इंजीनियर मनीष बेनीवाल, फाइनेंस एडवाइजर केसी कुमावत, एसीई अमिताभ शर्मा, अधीक्षण अभियंता सतीश जैन, एसई सुरेंद्र शर्मा को शामिल किया गया है।



### नई पॉलिसी में यह हो सकता है

- » एक शहर, एक शुल्क के तहत अब पूरे शहर की मल्टीस्टोरी में कनेक्शन चार्ज 25 से 30 रु. प्रति वर्ग फीट होंगे। अभी 42 रु. है।
- » बिल्डिंगों में सीवरेज के पानी को ट्रीट कर वॉशरूम-पौधों को पानी देने का सिस्टम बने।
- » पांच हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल होने पर ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाना होगा।
- » पानी सरंक्षण करेंगे तो पेयजल कनेक्शन चार्ज में 10 फीसदी तक छूट मिल सकेगी।
- » मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बनी बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों को पेयजल कनेक्शन देने के लिए पॉलिसी में अलग प्रावधान होंगे।

### एक शहर में दो रेट, अब होगा समाधान

शहर के बहुमंजिला भवनों में 42 रुपए प्रति वर्गफीट से कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए 30 नवम्बर 2016 को परिपत्र जारी किया गया था। इसके अलावा 6 अक्टूबर 2020 को जगतपुरा-महल रोड जलापूर्ति परियोजना के तहत जगतपुरा-महल रोड क्षेत्र की बहुमंजिला इमारतों के लिए 25 रुपए प्रति वर्गफीट की दर थी, लेकिन लोगों ने भी कनेक्शन नहीं लिया। अभी मल्टीस्टोरी में पेयजल कनेक्शन के लिए एकमुश्त भुगतान प्रस्तावित है। परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान देना होता है।

### इस साल 3531 को नौकरी मिलेगी

# चयन बोर्ड: पहली बार संविदा पर सीएचओ की करेगा भर्ती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड नियमित भर्तियां ही नहीं अब संविदा आधारित भर्ती भी करेगा। सरकार ने पहली बार बोर्ड को कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर की संविदा आधारित भर्ती करने को कहा है। इस भर्ती के लिए अभ्यर्थना बोर्ड के पास पहुंच गई है। बोर्ड ने भी इस भर्ती की तैयारी प्रारंभ कर दी है। बोर्ड इस भर्ती को इस साल दिसंबर से पहले पूरी करने की तैयारी में है। इससे पहले सीएचओ भर्ती चिकित्सा विभाग अपने स्तर पर ही किसी अन्य एजेंसी से करा रहा था। विभाग इस परीक्षा को सही तरीके से नहीं करा पा रहा था। परीक्षा को लेकर पेपर आउट होने सहित कई तरह के विवाद खड़े हो गए थे। इससे सरकार की किरकिरी हुई थी। इस कारण सरकार ने पहली बार इस भर्ती के आयोजन का जिम्मा चयन बोर्ड को सौंपा है। चिकित्सा विभाग की ओर से बोर्ड को भेजी गई अभ्यर्थना के अनुसार 3531 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 3071 नॉन टीएसपी के और 460 पद टीएसपी के होंगे।

### योग्यता: बीएससी (कम्युनिटी हैल्थ), नर्स या बीएएमएस होना आवश्यक है

**इस** भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी के पास बीएससी इन कम्यूनिटी हैल्थ या नर्स (जीएनएम या बीएससी) या आयुर्वेद प्रेक्टिशनर (बीएएमएस) होना चाहिए। साथ ही राजस्थान नर्सिंग कौंसिल या बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसन राजस्थान में रजिस्टर्ड होना चाहिए। इस बारे में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा का कहना है कि चिकित्सा विभाग से हमें कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर के 3531 पदों पर भर्ती की अभ्यर्थना मिली है। यह भर्ती संविदा आधारित है। जल्दी ही इस भर्ती की प्रऋि या प्रारंभ की जाएगी। इस भर्ती में चयन के बाद अभ्यर्थी 25 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। बोर्ड का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# 29 दिवसीय श्रावण मास कल से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विषकुंभ और प्रीतियोग में भोलेनाथ की आराधना के खास श्रावण (सावन) की शुरुआत अगले सप्ताह गुरुवार 14 जुलाई को विभिन्न योग संयोगों में होगी। ज्योतिषविदों के मुताबिक 29 दिनों के श्रावण में इस बार चार सोमवारी व्रत होगा।प्रथम सोमवारी 18 जुलाई, दूसरी सोमवारी 25 जुलाई, तीसरी सोमवारी 01 अगस्त और चौथी सोमवारी 8 अगस्त को है। वहीं 12 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा रहेगी। हर सोमवार को तीन से ज्यादा योग पर्व की महत्ता को खास बनाएंगे। दो साल बाद भक्तों का उत्साह भी चरम पर है। कोरोना के बाद भक्त बिना किसी नियम के भोलेनाथ का अभिषेक, पूजा अर्चना सहित अन्य अनुष्ठान कर सकेंगे। बम-बम भोले की गूंज के बीच भक्त सुख समृद्धि और शांति की कामना के साथ ही अच्छी बारिश की कामना भी करेंगे। कुंवारी कन्याएं श्रेष्ठ वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखेगी। इसके साथ ही मंदिरों में विशेष फूलों की सजावट खास होगी।

### सजेगी खास झांकियां

जयपुर में सबसे बड़े ताडकेश्वर महादेव मंदिर, क्वींस रोड स्थित झाडखंड महादेव मंदिर, दूधमंडी स्थित चमत्कारेश्वर, डबलशंकर, रोजगारेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य छोटे बड़े शिवालयों में शिवभक्तों का तांता सुबह से लेकर शाम तक देखने को मिलेगा। झाडखंड महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में साफ सफाई, रंग रोगन सहित दर्शनों के लिए लाइनें तैयार करवाई जा रही है। दो–दो लाइनों के जरिए भक्तों को प्रवेश मिलेगा। इसके साथ ही रोजाना श्रावण मास में शिव मंदिरों में विशेष फूलों का श्रृंगार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक शहर स्थापना से पूर्व ताड़केश्वर महादेव मंदिर कई मायनों में खास है। यह पहले ताड़कनाथ के नाम से जाना जाता था। यह शिवलिंग स्वयंभू है। ज्योतिषाचार्य सत्यनारायण शास्त्री ने बताया कि श्रावण में भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक, पार्थिव पूजा, शिव सहस्रनाम का पाठ करने का विधान है। भगवान शिव को श्रावण का महीना प्रिय होने का कारण यह भी है कि भगवान शिव श्रावण के महीने में पृथ्वी पर अवतरित हुए थे।



### 44 मंदिरों में होंगे अनुष्ठान

देवस्थान विभाग की ओर से श्रावण के हर सोमवार को राजस्थान के 44 बड़े और छोटे भोलेनाथ के मंदिरों में रुद्राभिषेक होगा। इस दौरान सुख समृद्धि और शांति की कामना के साथ ही बम-बम भोले की गूंज के बीच अच्छी बारिश की कामना की जाएगी। बीते दो साल से जहां कोरोना के चलते हर शिव मंदिर में शिवभक्तों की भीड़ कम नजर आई थी, लेकिन इस बार हालात सामान्य होने से सरकारी मंदिरों में भी शिवभक्तों का तांता देखने को मिलेगा। जयपुर के प्रतापेश्वर सहित अन्य चार सरकारी मंदिरों में अनुष्ठान होगा। मंदिरों में विशेष सजावट भी की जाएगी।

### हर सोमवार पर शुभ संयोग

**पहला -** 18 जुलाई - शोभन और रवियोग
**दूसरा -** 25 जुलाई - सर्वार्थसिद्धि योग और सोम प्रदोष
**तीसरा -** 1 अगस्त - प्रजापति और रवियोग
**चौथा -** 8 अगस्त - पद्म और रवियोग

### श्रीमहावीरजी: महामस्तकाभिषेक महोत्सव की तैयारी

# मुख्य सचिव ने ली समीक्षा बैठक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** करौली जिले के आस्थाधाम श्रीमहावीरजी में नवम्बर माह में आयोजित होने वाले महामस्तकाभिषेक महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के होने वाले आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए निर्देश दिए। इस आयोजन में 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर की एक हजार साल प्राचीन प्रतिमा के 24 वर्ष महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि इस महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसे देखते हुए संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को श्री महावीरजी क्षेत्र से जुड़ी सड़कों सड़कों का बेहतर निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ऊर्जा विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को महोत्सव के लिए निर्बाध बिजली एवं पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि पानी-बिजली की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हो जानी चाहिए। इसके लिए अभी से प्लान बनाकर कार्य शुरू किए जाएं।

मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया. उन्होंने श्रीमहावीरजी क्षेत्र में पर्यटन विभाग की ओर से कराए जा रहे करीब 6 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे इस महोत्सव के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय के साथ तैयारियां करें, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री ए राठौड़ ने श्रीमहावीरजी में पर्यटन एवं अन्य विभागों की ओर से कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# भारतीय पर्यटकों की पहली पसंद उदयपुर

### आधे साल में ही उदयपुर में 5.50 लाख पर्यटक पहुंचे, इस साल टूट सकते हैं पर्यटन के अबतक के सारे रिकॉर्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** पिछले कुछ वर्षों में दुनियाभर में पर्यटन स्थल के रूप में मशहूर हो चुके उदयपुर में 2022 का पहला फेज पर्यटन के लिहाज से शानदार रहा है। 2022 के पहले 6 महीने में ही उदयपुर में लगभग 5.50 लाख पर्यटक आ चुके हैं। यह पहले 6 महीने में उदयपुर आए पर्यटकों का अबतक का सर्वाधिक आंकड़ा है। यह जानकारी हाल ही में सामने आए पर्यटक विभाग के आंकड़ों से मिलती है। उदयपुर में जून के महीने में 1.11 लाख से ज्यादा पर्यटक आए। इस साल उदयपुर में जनवरी में 71 हजार, फरवरी में 77 हजार, मार्च में 1.11 हजार, अप्रैल में 84 हजार, मई में 93 हजार और जून में फिर 1.11 हजार पर्यटक आए हैं। यह आंकड़ा कुल मिलाकर 5.50 लाख होता है। इस साल अप्रैल से जून के बीच लगभग 3 लाख पर्यटक आए हैं। जो कि 2020 और 2021 में इन महीनों में ना के बराबर थे। इसी के चलते इस सीजन में उदयपुर का पर्यटन काफी फूला है।

**जून के महीने में 1.11 लाख पर्यटक उदयपुर पहुंचे**

### इस साल 10 लाख से ज्यादा पहुंचेगा आंकड़ा

**उदयपुर** में पहले 6 महीने में ही 5.50 लाख पर्यटक आ चुके हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इतिहास में पहली बार उदयपुर आने वाले पर्यटकों का आंकड़ा एक साल में 10 लाख के पार जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नवम्बर-दिसम्बर में उदयपुर में पर्यटन का पीक सीजन रहता है। पिछले इन दो महीनों में उदयपुर में 3.40 लाख पर्यटक आए थे। ऐसे में इस साल अगर कोरोना की कोई प्रभावी लहर नहीं आती है तो उदयपुर का पर्यटन अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है। अबतक एक साल में सर्वाधिक पर्यटकों के आने का रिकॉर्ड साल 2019 का है। तब एक साल में उदयपुर में 9.96 लाख पर्यटक आए थे।

### अंतरराष्ट्रीय पहचान से फायदा

**उदयपुर** में पिछले लगभग 1.5 साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी पहचान मिली है। कई विदेशी ट्रैवल और हॉस्पिटेलिटी मैग्जीन ने उदयपुर को दुनिया के चुनिंदा खूबसूरत डेस्टिनेशन में जगह दी है। इसके अलावा डेस्टिनेशन वैडिंग के लिए भी उदयपुर लगातार विदेशी-देशी मेहमानों की पसंद रहा है। वहीं पर्यटन विभाग भी लगातार उदयपुर की मार्केटिंग करता रहा है। पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना का कहना है कि उदयपुर में अब 12 महीने का टूरिज्म हो गया है, इसका फायदा उदयपुर को मिल रहा है।

# नॉर्दन रिंग रोड का काम इस साल में होगा शुरू

### डीपीआर बनने के बाद जमीन अवाप्ति का काम इसी महीने से होगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में आगरा रोड से दिल्ली बाइपास तक बनाई जाने वाली रिंग रोड का काम इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है। इस रिंग रोड के लिए एलाइन्मेंट का काम पूरा हो गया है। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन रही है। संभावना है इस महीने के अंत तक डीपीआर बनने के बाद जमीन अवाप्ति का काम शुरू किया जाएगा। जमीन अवाप्त कितनी होगी, ये डीपीआर फाइनल होने के बाद तय होगा।

नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के रीजनल ऑफिसर पवन कुमार ने बताया कि हमने अभी संभावित प्लान बनाया है कि अक्टूबर अंत तक रिंग रोड का मौके पर काम शुरू करवा दें। अभी DPR बनने का काम चल रहा है और इस महीन के आखिरी तक हम जमीन अवाप्ति का काम शुरू करवा देंगे। उम्मीद है कि दो-तीन महीने में जमीन अवाप्ति की कागजी प्रक्रिया शुरू होने के बाद जैसे-जैसे जमीन का कब्जा मिलता जाएगा वैसे-वैसे मौके पर काम आगे बढ़ता जाएगा।

### 45KM का बनेगा कॉरिडोर

आगरा रोड पर बगराना से दिल्ली रोड पर अचरोल तक करीब 45च्रूमें ये कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस कॉरिडोर में 6 लेन का ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर होगा, जो 90 मीटर की चौड़ाई में बनेगा। इस 90 मीटर में बनने वाले कॉरिडोर के लिए ह्लढ्ढ जमीन अवाप्ति खुद करेगा। जबकि इस कॉरिडोर के दोनों ओर 145-145 मीटर में प्रस्तावित डवलपमेंट कॉरिडोर का काम जेडीए करवाएगा। इसके लिए जमीन अवाप्ति का काम जेडीए ही करेगा।

### ये होगा फायदा

जयपुर में नॉर्दन रिंग रोड बनने से सबसे ज्यादा फायदा शहर के ट्रेफिक से संबंधित होगा। अभी आगरा रोड की तरफ से दिल्ली और दिल्ली रोड से आगरा रोड की तरफ आने-जाने वाला ट्रेफिक जयपुर शहर में घाट की गूणी, ट्रांसपोर्ट नगर, रामगढ़ मोड, कुकस होते हुए गुजरता है। इस कारण जयपुर ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाइपास पर ट्रेफिक का दबाव ज्यादा रहता है। रिंग रोड बनने के बाद ये ट्रेफिक अरावली की पहाड़ियों के आसपास से होकर निकलने लगेगा।

ANCHOR

### माध्यमिक शिक्षा विभाग

# 47 खेलों की होगी स्कूली प्रतियोगिताएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**श्रीगंगानगर।** स्कूली खेलों के विकास के लिए शिक्षा विभाग इस बार खेलों की संख्या में इजाफा कर बढ़ावा दे रही है। इससे खेल प्रतिभाओं को अधिक अवसर मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इस बार 47 खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई जानी है। इससे पहले विभाग हर जिले में एक-एक खेल को लेकर रेफरी क्लिनिक का आयोजन करेगा। इसमें उस खेल से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस रेफरी क्लिनिक में राज्यभर से संबंधित खेल को लेकर एक महिला और एक पुरुष शारीरिक शिक्षक शामिल किया जाएगा। इनको खेल विशेषज्ञें से प्रशिक्षण दिलवाकर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। मास्टर ट्रेनर जिला स्तर पर शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर खेलों की गाइड लाइन की पूरी जानकारी देगा। श्रीगंगानगर में साइक्लिंग खेल को लेकर राजकयी उच्च माध्यमिक विद्यालय अनूपगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 29 नए खेलों की नियमावली तैयार

पिछले वर्ष 29 नए खेलों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में जोड़ा गया था। जबकि पिछले वर्ष छात्रा वर्ग की फुटबॉल,ऋि केट व कुश्ती प्रतियोगिताएं करवाई गई थी लेकिन 29 नए खेलों की नियमावली नहीं बनाई गई थी। इसलिए इन खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं करवाया गया। विभाग ने इस वर्ष 29 खेलों की नियमावली तैयार कर ली है।

### विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के लिए प्रस्ताव मांगे

माध्यमिक शिक्षा विभाग उप निदेशक (खेलकूद)ने प्रदेश के समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को आदेश जारी कर सत्र 2022-23 में राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी प्रस्ताव मांगे हैं। इस बार पूर्व में संचालित खेलों में 29 नए खेलों को शामिल किया गया है। अब स्कूल खेलों में समस्त 47 खेलों की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यालयों के संस्था प्रधानों की सहमति के प्रस्ताव व संबंधित जिला शिक्षाधिकारी मुख्यालय माध्यमिक की अनुशंसा संयुक्त निदेशक कार्यालय खेल अनुभाग बीकानेर को भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया है। राज्य स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं के सौंपे जाने का निर्णय कर शेष रहे खेलों का आवंटन मंडलवार रोस्टर पद्धति से किया जाएगा।

### पहली बार पारंपरिक खेल भी शामिल

इस बार राजस्थान में खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों यथा रस्साकशी (टग ऑफ वार),सतोलिया (लगोरी), मलखम्भ, योगा को भी खेलों को शामिल किया गया है। इन खेलों की प्रतियोगिताओं का शिक्षा विभाग पहली बार आयोजन करेंगी। निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग बीकानेर की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार विद्यालय स्तर पर तीनों समूह की खेलकूद प्रतियोगिताएं 17 अगस्त से पहले पूरी करवानी होगी।

### अगस्त से अक्टूबर तक प्रतियोगिताएं

- » 26 से 30 अगस्त के बीच 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा के लिए प्रथम समूह प्रथम चरण की जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताएं।
- » 31 अगस्त से 4 सितंबर तक 14,17 व 19 वर्ष के लिए द्वितीय समूह जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताएं।
- » 6 से 11 सितंबर तक 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा के लिए प्रथम समूह की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं।
- » 13 से 18 सितंबर तक 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग की द्वितीय समूह की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं।
- » 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा वर्ग तृतीय समूह की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं।
- » 13 से 18 अक्टूबर तक 14,17 व 19 वर्ष आयु वर्ग तृतीय समूह की राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताएं।

**माध्यमिक** शिक्षा विभाग ने इस बार 29 नए खेलों को विभाग में जोड़ा है। जिले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनूपगढ़ में तीन दिवसीय साइक्लिंग रेफरी क्लिनिक का प्रस्ताव माध्यमिक निदेशालय को भेजा गया है। इसमें राज्य भर के शारीरिक शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जाएगा।

**नवदीप शर्मा,** जिला खेलकूद प्रभारी,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय,श्रीगंगानगर।

## जागरूक खबरें

# एक करोड़ की लागत से बनेगा गांधी दर्शन पार्क, काम शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**राजसमंद।** शहर के बीच में एक और आकर्षक पार्क की सौगात जल्द ही नगर परिषद की ओर से दी जाएगी। पार्क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि परिषद की ओर से किशोर नगर मण्डा में परिषद के सभा भवन के सामने पूर्व में गांधी पार्क की जमीन को परिषद व जनता के उपयोग के लिए खाली करवाया गया था। इस पर शहरवासियों के लिए आकर्षक गांधी दर्शन पार्क के निर्माण का निर्णय लिया गया। इसके तहत 98 लाख रुपए की लागत से पार्क के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर टेण्डर के बाद वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए हैं। यहां पर जमीन को लेवल करने के लिए भराव डाला जा रहा है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पार्क में आकर्षक लॉन के साथ ही हेरिटेज लुक के साथ विभिन्न निर्माण कार्य होंगे। इस पार्क के निर्माण से खासतौर पर किशोर नगर के साथ ही कलालवाटी, राजनगर और पुरानी कलक्ट्री के आसपास के लोगों को फायदा मिलेगा।

**मेवाड़ी शैली की छतरियां आर्ट गैलेरी होगी आकर्षण का केन्द्र**

### मेवाड़ी शैली की बनेंगी 4 आकर्षक छतरिया

**पार्क** के चारों ओर 8 खंभों की चार मेवाड़ी शैली की डिजाईनर छतरियों का निर्माण किया जाएगा, जो पार्क को आकर्षक लुक देंगी। आकर्षक फव्वारा बनाया जाएगा। भ्रमण के लिए फुटपाथ, आकर्षक ब्रेंच, आकर्षक फूलों के और छायादार वृक्षों के साथ आकर्षक लाईटें लगाईज जाएगी।

### आर्ट गैलेरी में होगा गांधी दर्शन

**पार्क** में हेरिटेज लुक के साथ एक आर्ट गैलेरी का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अंदर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी से संबंधित जानकारी उनकी तस्वीरों और मूर्ति आदि के साथ लगाई जाएगी।

## सीबीएसई: 10वीं, 12वीं के परिणाम में देरी, अगले सैशन में हो रही देरी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अब तक भी दसवीं व 12वीं का परिणाम जारी नहीं किया है। 12वीं का परिणाम नहीं आने से कॉलेजों का सेशन देरी से शुरू होगा। वहीं दसवीं के परिणाम में हो रही लेटलतीफी के कारण 11वीं कक्षा की पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही है। 11वीं में ही छात्र विषयों का चयन करते हैं। इसका आधार दसवीं के नंबर ही होते हैं। अब छात्र रिजल्ट और विषय के बीच फंस गए हैं।सीबीएसई की टर्म 2 की परीक्षाएं काफी समय पहले ही पूरी हो गई है। जिस हिसाब से कॉपियों को जांचने का काम चल रहा था, उसे देखते हुए परिणाम अब तक जारी कर दिया जाना था। उधर, सीबीएसई ने परिणाम की तारीख भी तय नहीं की है। वहीं 11वीं का सेशन देरी से शुरू होने पर शिक्षकों पर कोर्स जल्द पूरा करवाने का दबाव रहेगा। इसका भी सीधा असर छात्रों पर पड़ेगा। अभी तक टर्म-1 और टर्म-2 के वेटेज को लेकर भी स्थिति साफ नहीं है। इसे भी देरी का एक कारण बताया जा रहा है।

**छात्रों व शिक्षकों को तैयारियों में लगेगा समय :** परिणाम जारी होने के बाद छात्रों को फिर से नियमित स्कूल जाने की तैयारियों के लिए समय चाहिए। विषय चयन पर भी विचार किया जाएगा। संबंधित सीबीएसई स्कूल प्रशासन को टाइम टेबल बनाने से लेकर अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों में भी समय लगेगा। इसलिए परिणाम समय पर आना जरूरी है।

## सुंदरकांड का संगीतमय पाठ आयोजित



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** मंगलवार को मोगरिया नाड़ी स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर प्रांगण में सुबह सात बजे से ही भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है, मंडली के भगवान राम परिहार ने बताया कि रामचरितमानस का पंचम सोपान सुंदरकांड है,जिसमे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन चरित्र, हनुमान जी महाराज की भगवान राम के प्रति भक्तिभाव का सुंदर वर्णन है, सुन्दरकाण्ड पाठ सुनना व सुनाना दोनों ही लाभदायक है। सुंदरकाण्ड के पाठ करने से मानसिक रुप से भी व्यक्ति मजबूत होता है और विरोधियों को परास्त करता है। सिर्फ यही नहीं सुंदरकांड व्यक्ति के अंदर सकारात्मक भावनाओं को भी पैदा करता है और इसका पाठ करने से व्यक्ति समाज के लिये अच्छे काम करने के प्रति भी प्रेरित होता है। यही वजह है कि पंडित और ज्योतिषाचार्य भी लोगों को सुंदर कांड का पाठ करने की सलाह देते हैं। पाठ के दौरान प्रसाद की व्यवस्था समाजसेवी सुरेश कच्छावाह राज ग्रुप और साउंड की व्यवस्था गोरधन राम महादेव एम्पलीफायर की और से की गयी। आयोजन में सुन्दर कांड समिति के भगवान राम परिहार, विनोद, देव किशन सुथार, पिन्टूदास वैष्णव, दमुन्दर पुरोहित, शेषाराम कच्छावाह द्वारा पीपाड़ उपखंड के सभी मंदिरों में सुन्दर कांड का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भक्त मण्डल के अशोक कच्छावाह, मेहराम गहलोत, हनुमान गोकलिया, पण्डित चेतन प्रकाश, संजय परिहार सहित कई भक्त मण्डल के सदस्य मौजूद रहे।

## अंजुमने इस्लाम के तत्वावधान में अदा की गई ईदुल अजहा की सामूहिक नमाज़

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** अंजुमन इस्लाम के तत्वावधान में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईदुल अजहा का पर्व पारम्परिक उल्लास और अकीदत के साथ शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। ईद की मुख्य सामूहिक नमाज़ उदयपुर मार्ग स्थित ईदगाह और बस स्टेंड के समीप बाग वाली मस्जिद में अदा की गई। ईदगाह पर शहरकाजी जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना आबिद हुसैन तथा बागवाली मस्जिद मे हाफ़िज़ जीशान ने नमाज़ अदा कराई। अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर शोएब खान लाला नायब सदर हाजी ख्वाजा हुसैन ओकाफ कमेटी के सदर शौकत खां मेव सहित नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए बड़ी तादात में मुस्लिम भाईयों ने नमाज़ अदा कर खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। ईदुल अजहा पर्व के मद्दे नज़र प्रशासनिक स्तर पर एहतियातन पुख्ता प्रबंध किए गए थे। साथ ही उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भण्डारी, पुलिस उपअधीक्षक आशीष कुमार चौधरी, तहसीलदार गोपाल लाल बंजारा, कोतवाली थानाधिकारी कैलाशचन्द्र सोनी, सदर थाना अधिकारी तुलसीराम प्रजापति मय जाप्ता मौजूद रहे।

## जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने पदभार संभाला



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के आदेशानुसार जिले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर खुशबू शर्मा ने पदभार संभाला लिया है। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए प्रभाग प्रभारियों व कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं जैसे छात्रावास संचालन, राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, छात्रवृति तथा ऋण योजना आदि की जानकारी ली तथा इन योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ पात्रजनों को पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मदरसों के निरीक्षण के माध्यम से शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

**संभागीय आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झण्डी**

# सिंगल यूज प्लास्टिक विकल्प को प्रोत्साहित करने की पहल



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल उदयपुर और जिला पर्यावरण समिति और फास्टर भारतीय पर्यावरण सोसायटी के पर्यावरण चेतना रथयात्रा को संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने आयुक्तालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक शरद सक्सेना ने बताया कि तीन दिवसीय जनचेतना कार्यक्रम के तहत यह जागरूकता रथ प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और आबादी क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक में पॉलिस्टाइरीन सहित सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम उत्पादन के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग न करने के लिए प्रेरित करेगा और विकल्प के बारे में जागरूक करेगा। इस दौरान सक्सेना ने संभागीय आयुक्त को पर्यावरण संरक्षण संबंधी पुस्तक भी भेंट की। इस अवसर पर सहायक पर्यावरण अभियंता शिवकुमार, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर एवं फास्टर के निदेशक ललित नारायण आमेटा, पायल पंचोली, डॉ उदित सोनी, ज्योति मेव, ईजी फ्लक्स से फैराज अहमद, प्रिया राठी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर आमेटा ने बताया कि यहां से रथ राबाउमावि रेजीडेंसी में पहुंचा जहां प्रधानाचार्य रंजना मिश्रा ने 180 छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। तत्पश्चात रथ द्वारा कोट चौराया, मधुबन, सुखाड़िया सर्कल, आर.के.मॉल, फतेहपुरा, सरदारपुरा, बड़गांव, सहेलियों की बाड़ी, चांदपोल, अंबामाता, यूआईटी सर्किल, फतहसागर की पाल आदि क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण प्रतिबंध एवं विकल्प के बारे में आमजन से अपील साथ स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण निर्माण का संदेश दिया गया।

गौरतलब है कि भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन 2021 प्रारूप के अनुसार 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## शहरी जलयोजना भीण्डर, उदयपुर के संवर्धन व सुदृढ़ीकरण के लिए 28.96 करोड़ रूपये की स्वीकृति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार प्रदेश में सुचारू पेयजल की उपलब्धता के लिए अहम निर्णय ले रही है। सरकार द्वारा वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियों तथा जनसंख्या के अनुसार जलयोजनाओं के संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र वल्लभनगर की शहरी जलयोजना भीण्डर के पुनर्गठन के लिए 28.96 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

गहलोत की स्वीकृति से योजनान्तर्गत 2 खुले कुएं के गहरीकरण का कार्य, सतही जल स्त्रोत जड़ू, कडेचा एवं रातारेला एनीकट से राइजिंग पाईप लाईन का कार्य, 3 नए उच्च जलाशयों, 1 नए स्वच्छ भूतल जलाशय का निर्माण, आरजीएफ फिल्टर प्लांट का निर्माण एवं वितरण पाइप लाइनों (लंबाई 61.9 किमी) का कार्य होगा। साथ ही, पूर्व में बिछाई गई जीर्ण-शीर्ण पाईप लाईनों को बदलने का कार्य होगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार योजना में कार्य हुए थे। अब वर्तमान जनसंख्या के अनुसार संवर्धन और सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए जाएंगे।

**राष्ट्रीय पशुधन मिशन: हर जिले में लगेंगे 50 नए प्रोजेक्ट**

# प्रदेश में अब खेती के साथ पशुपालन को मिलेगा बढ़ावा

### साइलेज निर्माण से मिलेगी सालभर चारे की समस्या से निजात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सीकर।** खेती के साथ पशुपालन के जरिए आजीविका कमाने वाले भूमिपुत्रों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पचास नए प्रोजेक्ट लगा सकेंगे। जिनमें पॉल्ट्री पक्षियों के लिए पेरेंट फार्म, चूजों के उत्पादन के लिए हैचरी, फॉर्म, मेमना व शूकर उत्पादन, चारा उद्यमिता के तहत साइलेज, चारा ब्लॉक बनाने की इकाई, मिश्रित राशन के लिए संयंत्र शामिल है। अच्छी बात है कि बैंकों की ओर से इन प्रोजेक्ट को लगाने पर लोन भी दिया जाएगा। वहीं बैंक से लोन नहीं लेकर योजना के तहत प्रोजेक्ट लगाने पर भी अनुदान दिया जाएगा। प्रोजेक्ट की पूंजीगत लागत का पचास प्रतिशत हिस्सा अनुदान के रूप में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की ओर से दो बराबर किश्तों में दिया जाएगा। इससे किसान एक ओर सालभर जहां महंगाई की मार से बचेगा। वहीं नियमित आय होने से किसान की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग ने सभी नोडल अधिकारियों को लक्ष्य दिया है। गौरतलब है कि अनुदान की अधिकतम सीमा 25 लाख से 50 लाख के बीच निर्धारित की गई है।

### इन प्रोजेक्ट के मांगे प्रस्ताव

**जिले** में इन पशुपालन गतिविधियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं इनमें एक हजार पॉल्ट्री पक्षियों के पैरेंट फार्म की स्थापना, चूजों के उत्पादन के लिए हेचरी एवं चूजों के पालन पोषण के लिए ब्रूडर मदर इकाई स्थापित कर सकते हैं। इस तरह अब खेती के साथ ही क्षेत्र के किसान बकरी व सूअर पालन करके भी अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे।

### आवेदन के लिए पोर्टल

योजना में आवेदक की योग्यता निर्धारित की गई। इसके तहत निजी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह, कृषक सहकारी संगठन, कृषक उत्पादक संगठन, संयुक्त देयता समूह, धारा आठ के तहत पंजीकृत कंपनियां के जरिए आवेदन किया जा सकता है। कार्य करने का अनुभव एवं प्रशिक्षण और प्रशिक्षित व्यक्ति की सेवाएं उपलब्ध होने पर संबंधित बैंक से ऋण स्वीकृति की पात्रता रखता हो। ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल बनाया गया है। सभी जरूरी दस्तावेज आवेदन के साथ इसी पोर्टल पर अपलोड होंगे।

**योजना** के तहत पशु आहार प्लांट भी किसान लगा सकते हैं। इस योजना में प्लांट लगाने पर लागत का अधिकतम पचास प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। योजना को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए जिले में नोडल अधिकारियों को दस-दस प्रस्ताव ऑनलाइन करवाने का लक्ष्य दिया गया है।

**- डा वीरेंद्र वर्मा,** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सीकर

**25 वर्षीय रोहित को राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया सम्मानित**

# 5 वर्ष पूर्व शुरू किए चायवालास स्टार्टअप से मिला राष्ट्रीय पुरुस्कार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** नए भारत के इस दौर में युवाओं का रुझान नौकरियों की बजाय स्टार्टअप की ओर बढ़ने लगा है । यह कहानी भी एक ऐसे ही युवा की है जो कि महज़ 25 वर्ष की उम्र में चाय बेच कर आज देश प्रदेश में अपना नाम कमा रहे है। नाम है रोहित कुमार शर्मा मगर जाने जाते हैं %चायवालास% के नाम से। एक पाँच सितारा होटल में ग्लोबल इंडिया बिज़नेस फ़ोरम द्वारा आयोजित हुए 'नेशनल एम.एस.एम.ई अचार्डस 2022' फ़ोर बिजनेस एक्सिलेंस में राज्यपाल कलराज मिश्र और जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने रोहित को अपने स्टार्टअप चायवालास के लिए ÷इन्नोवेटिव स्टार्टअप ओफ़ दा ईयर ÷ के अवार्ड से सम्मानित किया ।

### अनेको बार मिले उच्च सम्मान

नाईजेरिया, कोस्टा रिका, तोबागो, तंजानिया, जमाइका और क्यूबा देश के राजदूतों ने भी रोहित का कम उम्र में एक सफल स्टार्टअप खड़ा करने के लिए सम्मानित किया है । रोहित पूर्व में भी रेड एफ एम ठप्पा अवार्ड, एक्सिलेंस इन टी एंड कोफ़ी राजस्थान एक्सिलेंस अवार्ड सहित अनेको बड़े अवार्डस पा चुके है । हाल ही में जयपुर चौपाटी के लिए आयोजित मूल्यांकन प्रतियोगिता में रोहित जयपुर के कई दशकों से चले आ रहे चायवालों को हरा कर जीत हाँसिल की । यहीं नहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, केबिनेट मंत्री महेश जोशी, केबिनेट बृजकिशोर शर्मा, भाजपा नेता अशोक परनामी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक अशोक लाहौटी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, बोलिवुड एक्टर विकल्प मेहता, श्रवण सागर सहित अनेको नेता अभिनेता यहाँ आ चुके है।

### जयपुर से की शुरुआत

राजस्थान के एक छोटे से ज़िले दौसा के रहने वाले रोहित एक संपन्न परिवार से है । रोहित महज़ 17 वर्ष की आयु में नर्सिंग की पढ़ाई छोड़ अपने पिता की सहायता के लिए पारिवारिक व्यापार में आ गए थे । कुछ समय बाद किसी कारण वश उनका व्यापार बंद हो गया और परिवार को बड़ी आर्थिक एवं मानसिक हानि हुई, ऐसे में परिवार के सामने भविष्य के लिए रोज़ी रोटी का संकट पैदा होते देख रोहित ने स्वयं के बलबूते पर एक नया स्टार्टअप करने की ठानी । चुकी आर्थिक स्थिति ख़राब थी तो कम पैसे में चाय की दुकान खोलने के सिवा कोई और विचार नहीं दिखा और ना ही उस तंगी में वो मुंबई या दिल्ली जा सकते थे तो उन्होंने चायवालास के नाम से एक स्टार्टअप जयपुर से ही शुरू किया ।

### शुरुआती दिनों में मिली विफलता

रोहित अपनी सफलता का श्रेय उन्हें बार बार मिली विफलताओं को देते है । कहते है की इरादे मज़बूत हो तो असफलता आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है, यह वाक़्या इसको चरितार्थ करता है । रोहित ने जब व्यापार करने की इच्छा परिवार के समक्ष रखी तो परिवार इसके लिए सहमत नहीं हुआ। कुछ रिश्तेदार उस वक्त मिल कर व्यापार करने के लिए आगे आए भी पर जैसे ही उन्होंने चाय की दुकान खोलने के विषय में सुना तो उन्होंने ने भी कदम पीछे खींच लिये। बड़ी मुश्किल से कुछ पैसे जुटा कर ज्योंहि जयपुर आये और एक दुकान को किराये पर ली ही थी की उनके दादाजी का एक्सीडेंट हो गया और व्यापार के लिए जुटाया हुआ पैसा सब उनके इलाज में लग गया। मजबूरन उन्हें अपना इरादा उस समय छोड़ना पड़ा । दादाजी के स्वस्थ होते ही वो पुनः जयपुर लौटे और फिर से अपनी माताजी और उनके मित्र शुभम शर्मा की सहायता से फिर से एक नयीं जगह अपना स्टार्टअप शुरू किया । विफलताओं का दौर यही नहीं थमा, फ़ेमस होने के बाद ज्योंहि रोहित ने अपनी प्रथम फ्रेंचाइजी दीं त्योंहि लॉकडॉउन लग गया और उन्हें वो डील रद्द करनी पड़ी । कोरोंना का व्यापार पर भी प्रभाव पड़ा, आए दिन बढ़ती मुश्किलों से चलती मानसिक पीड़ा से रोहित को पैरालिसिस हो गया, वो शारीरिक रूप से टूट चुके थे, परंतु हिम्मत नहीं टूटी थी, उन्होंने पुनः मेहनत की और सफलता के नए परचम स्थापित किए। आज चायवालास की 3 शाखायें सफलतापूर्वक चल रही है और 4 नई शाखायें खुलने जा रही है। आज चायवालास ना सिर्फ़ राजस्थान अपितु उत्तर प्रदेश में भी अपनी साखाएँ खोल रहा है। यहीं नही देश विदेशों तक से उनके पास फ्रेंचाईजी ऑफ़र आ रहे है ।

### युवाओं को उद्यमी बन कर रहे प्रेरित

रोहित अपनी सफलताओं का श्रेय अपनी विफलताओ को देते है । उनका कहना है की काफ़ी संघर्षो और विफलताओं के बाद वो आज इस मुक़ाम पर है । अपने इस संघर्ष के अनुभवो के आधार पर वो युवाओं को एक एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रेरित कर रहे है । रोहित अपनी सफलता का श्रेय अपने आरध्य श्री खाटुश्याम जी, अपने परिवार, अपने मित्र और अपने आइडल आइ.एस पवन अरोड़ा को देते हैं।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन पोर्टल शुरू, विद्यार्थी 31 तक कर सकेंगे आवदेन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रक्रिया में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से किए गए परिवर्तन योजना में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए विद्यार्थियों के आवेदन हेतु नवीन पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक मान्धाता सिंह ने बताया कि विद्यार्थी 31 जुलाई तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए छात्र-छात्रा मोबाइल नम्बर व ई-मेल आईडी स्वयं की ही दे।

उन्होंने बताया कि आवेदकों को आवेदन पत्र ऑनलाइन करते समय वांछित दस्तावेज व सूचनाएं तैयार रखना जरूरी होगा। सभी दस्तावेज जनाधार, राज ई वोल्ट, डीजी लॉकर से ऑनलाइन ही लिये जाएंगे जैसे- आय का विवरण, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, गत वर्ष की अंक तालिकाएं आदि। वांछित दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होने पर मूल दस्तावेज को रंगीन स्कैन कर पोर्टल पर यथास्थान अपलोड करना होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति में विद्यार्थी के परिवार की समस्त स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय सीमा ढाई लाख रुपए रखी गई है। ओबीसी व ईबीसी छात्रवृति में समस्त राजकीय शिक्षण संस्थानों के साथ ही अनुदानित एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति देय होगी। उपनिदेशक ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर आर्थिक पिछडा वर्ग, अन्य पिछडा वर्ग,एवं डॉ. अम्बेडकर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु में विभिन्न 17 श्रेणियों वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। जिनमे बीपीएल, अंत्योदय व स्टेट बीपीएल कार्डधारी के पुत्र-पुत्री, अनाथ बालक-बालिका, विधवा व तलाकशुदा, स्वयं व इनके पुत्र-पुत्री, विशेष योग्यजन व योग्यजन के पुत्र-पुत्री शामिल है। इस श्रेणी के तहत गत परीक्षा मे न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

ANCHOR **1 अक्टूबर से टायर खरीदने के नए नियम**

# नए डिजाइन के आएंगे टायर, नहीं फिसलेगी कार, शोर से मिलेगा छुटकारा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सड़क हादसों की कई वजहें होती हैं। इनमें टायर का खराब होना भी एक बड़ी वजह है। हाल में सरकार ने MV एक्ट, यानी मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव किए हैं। इनमें सबसे बड़े बदलाव टायर और उनकी डिजाइन को लेकर किए गए हैं।

### नया नियम क्या है?

देशभर में 1 अक्टूबर 2022 से नए डिजाइन के टायर मिलेंगे। वहीं 1 अप्रैल 2023 से सभी गाड़ियों में नए डिजाइन के टायर लगाना जरूरी होगा।

### नए नियम में टायर की रेटिंग की जाएगी

पेट्रोल-डीजल की बचत के हिसाब से सरकार टायरों की स्टार रेटिंग का भी एक सिस्टम ला रही है। अभी भारत में बिकने वाले टायर की क्वालिटी के लिए BIS, यानी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड नियम हैं, लेकिन इस नियम से ग्राहकों को टायर खरीदने के दौरान ऐसी जानकारी नहीं मिल पाती है, जिससे उनका फायदा हो।

### रेटिंग सिस्टम को ऐसे समझें

जब आप फ्रिज या AC खरीदने जाते हैं तो सबसे पहले रेटिंग देखते हैं। इससे बहुत हद तक उस प्रोडक्ट की क्वालिटी और बिजली की खपत के बारे में पता चलता है। बिजली की खपत की रेटिंग ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से दी जाती है। इसके साथ जिस साल रेटिंग दी गई उसका साल भी लिखा रहता है। ऐसा ही रेटिंग सिस्टम नए डिजाइन के टायरों के लिए लाया जाएगा, जिसे कस्टमर खरीदने से पहले देख पाएंगे। हालांकि ये सिस्टम कैसे बनेगा और कस्टमर की मदद कैसे करेगा, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

### मोटे तौर पर 3 कैटेगरी के टायर होते हैं

C1, C2 और C3

C1 कैटेगरी टायर पैसेंजर कार में होते हैं।

C2 कैटेगरी छोटी कमर्शियल गाड़ी में होते हैं।

C3 कैटेगरी टायर हैवी कमर्शियल गाड़ी में होते हैं।

अब इन तीनों कैटेगरी के टायरों के लिए ऑटोमोटिव इंडियन स्टैंडर्ड यानी AIS के नए नियम और पैरामीटर्स लागू होंगे।

### पैरामीटर्स का मतलब क्या है?

» **रोलिंग** रेजिस्टेंस- कोई गोल चीज जमीन पर लुढ़कती है, तो उस पर लगने वाले घर्षण यानी फ्रिक्शन को रोलिंग रेजिस्टेंस कहते हैं।

» कार के केस में जो एनर्जी गाड़ी को पुल करने के लिए लगती है, उसे रोलिंग रेजिस्टेंस कहा जाता है। अगर रोलिंग रेजिस्टेंस कम है तो टायर को ज्यादा ताकत नहीं लगानी पड़ती है, जिसकी वजह से पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी और माइलेज, यानी एवरेज बढ़ेगा।

» नए डिजाइन के टायर बनाने के लिए कंपनियां रोलिंग रेजिस्टेंस, यानी टायर के शेप, साइज और उसके मटेरियल पर काम करेंगी, ताकि गाड़ी का रोलिंग रेजिस्टेंस कम हो सके।

» वेट ग्रिप- बारिश के दौरान या कभी भी अगर सड़क गीली रहती है तो गाड़ियों के टायर फिसलने लगते हैं और रोड एक्सीडेंट बढ़ जाते हैं। नए डिजाइन के टायर बनाने वाली कंपनियों को ध्यान रखना होगा कि गीली सड़क पर टायर की फिसलन का खतरा न हो।

» रोलिंग साउंड एमिशन्स- गाड़ी चलाते वक्त कई बार टायर से कुछ आवाज आती है। इससे लोग कन्फ्यूज हो जाते हैं कि कहीं गाड़ी खराब तो नहीं हो रही है। इस तरीके की आवाज से रोड में शोर भी बढ़ता है। इस शोर को कम करने पर भी ध्यान देना होगा।

### क्या है AIS जानते हैं?

**देश** में बनने वाली गाड़ियों को इंडियन स्टैंडर्ड (IS) और इस यानी ऑटोमोटिव इंडियन स्टैंडर्ड के नियमों को मानना पड़ता है। व्हीकल की डिजाइन, प्रोडक्शन, मेंटेनेंस और रिकवरी को AIS ही देखता है।

उपराष्ट्रपति चुनाव

# नकवी का नाम लगभग तय, तीन नए दावेदार भी शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो चुका है, लेकिन उम्मीदवारों का नाम सामने आना बाकी है। हालांकि, खबर है कि नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की तरफ से मुख्तार अब्बास नकवी के नाम पर लगभग मुहर लग चुकी है। फिलहाल, पार्टी की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुआ है। खबर यह भी है कि दावेदारों की रेस में तीन नए नाम शामिल हो गए हैं। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को मैदान में उतारा है। जबकि, विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, NDA उम्मीदवार के तौर पर नकवी के नाम पर लगभग सहमति बन चुकी है। अटकलें हैं कि अगर नकवी मैदान में उतरते हैं तो विपक्ष के पास भी उनका समर्थन करने के अलावा कोई रास्ता नहीं होगा। एक भाजपा नेता के अनुसार, %अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रा या उप राज्यसभा में उपनेता के तौर पर नकवी ने हमेशा राजनीतिक परिपक्वता, निष्पक्षता और ईमानदारी दिखाई है।% खास बात है कि नकवी के बाद केंद्र में कोई भी मुस्लिम मंत्री नहीं है भाजपा के सांसदों में भी मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं है। वहीं, हाल ही में यूपी के हाईप्रोफाइल आजमगढ़ और रामपुर उप चुनाव में जीत में नकवी ने अहम भूमिका निभाई है।



### कौन हैं तीन नए नाम

उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार के तौर पर तीन और नाम सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सुरेश प्रभु, हरदीप पुरी और एसएस अहलुवालिया भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं। अहलुवालिया प. बंगाल के वर्धमान से लोकसभा सांसद हैं, प्रभु रेल मंत्री रह चुके हैं। जबकि, हरदीप सिंह पुरी सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं। इससे पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, मणिपुर की पूर्व राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला और गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का नाम सामने आए थे। कार्यक्रम अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव 6 अगस्त को होंगे, जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया 5 जुलाई से शुरू हो गई है। उम्मीदवार 19 जुलाई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। खबर है कि विपक्ष भी संयुक्त उम्मीदवार के लिए जल्दी बैठक कर सकता है।

देवघर में प्रधानमंत्री मोदी : बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की; कहा... हमारा काम बोलता है

# पहले शिलान्यास होता था, पत्थर लटके रहते थे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को झारखंड की धार्मिक नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट और एम्स समेत दर्जनभर योजनाओं की शुरुआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया और 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। पीएम ने यहां पूजन और दर्शन किए। बाबा धाम में उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा- मुझे पूज्य बाबा के चरणों में जाकर दर्शन-पूजन का मौका मिला। उससे पहले झारखंड के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपयों की योजनाओं को भी बाबा के और जनता जनार्दन के चरणों में अर्पित किया।

### 16 हजार करोड़ योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

इसके पहले एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने कोलकाता की फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि देवघर से झारखंड के विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने 16 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि इससे झारखंड के विकास को बल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि देवघर एयरपोर्ट का सपना लंबे समय से देखा था। इस प्रोजेक्ट से झारखंड के लाखों लोगों का जीवन आसान होगा। व्यापार और रोजगार के भी नए अवसर खुलेंगे।



### 250 बेड वाले AIIMS का किया ऑनलाइन उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने देवघर में 250 बेड वाले एम्स का ऑनलाइन उद्घाटन किया। जिसके बाद वो सीधा बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के लिए निकल गए।

### ये सपने के सच होने जैसा :हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ये झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। ये एक सपने को सच बनता देखने जैसा है। केंद्र की मदद से झारखंड विकास की ओर बढ़ रहा है।

### 10,270 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

पीएम ने 6,565 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 8 प्रोजेक्ट, रेलवे के तीन, पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस का एक प्रोजेक्ट शामिल हैं। साथ ही पीएम ने 10,270 करोड़ की कई योजनाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें पर्यटन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक योजना, रेलवे की दो, 401.03 करोड का देवघर एयरपोर्ट, 39 करोड़ का बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास, 1790.3 करोड़ का गोरहर से खैरा टुंडा सिक्स लेन, 1332.8 करोड का खैरा टुंडा से बरवाअड्डा सिक्स लेन सड़क, 519 करोड का रांची महोलिया फोरलेन सड़क, 284.7 करोड़ का चौका से साहेरबेरा फोरलेन सड़क, 1144 करोड का गोविंदपुर चास वेस्ट बंगाल बॉर्डर फोरलेन सड़क, 2500 करोड़ का बोकारो अंगुल जगदीशपुर हल्दिया पाइपलाइन, 161.5 करोड का बरही में नया एलपीजी प्लांट, 93.4 करोड़ का बोकारो में एलपीजी प्लांट, 886 करोड का गढ़वा महुरिया रेलवे डबलिंग प्रोजेक्ट, 35 करोड़ का हंसडीहा गोड्डा रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, 1103 करोड़ का एम्स देवघर शामिल हैं।

### 835 करोड़ की योजनाओं की रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री मोदी ने कई योजनाओं की आधारशिला भी रखी। इनमें चार फोरलेन सड़क समेत हृ॥ 75 और हृ॥ 133 पर पेव्ड शोल्डर के साथ टू लेन सड़क, झरिया ब्लॉक सरफेस फैसिलिटी और पाइपलाइन, जसीडीह बाइपास न्यू लेन, गोड्डा कोच मेंटेनेंस डिपो के अलावा राजधानी रांची के इटकी इलाके में रेलवे ओवर ब्रिज कचहरी चौक से पिस्का मोड़ तक एलिवेटेड कॉरिडोर रांची रेलवे स्टेशन का हरी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 835 करोड़ है।

विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने बनाया पर्यवेक्षक

# सीएम गहलोत को गुजरात, पायलट को हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सीएम अशोक गहलोत को गुजरात विधासनसभा के लिए सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। जबकि सचिन पायलट को हिमाचल प्रदेश की कमान सौंपी है। उल्लेखनीय है कि इस साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को पार्टी ने हिमाचल प्रदेश के ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी है।



### मोदी के राज्य की जिम्मेदारी

कांग्रेस ने अशोक गहलोत को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव और मिलिंद देवड़ा को ऑब्जर्वर बनाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में सीएम अशोक गहलोत गुजरात के प्रदेश प्रभारी थे। गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। गहलोत पार्टी को जीत के करीब ले गए थे।

### गुजरात में राजस्थान के 23 पर्यवेक्षक

उल्लेखनीय है कि 5 दिन पहले ही कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले 37 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें से 23 पर्यवेक्षक राजस्थान के लगाए गए है। राजस्थान कांग्रेस के 13 मंत्रियों और 10 विधायकों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सभी लगाए गए पर्यवेक्षक 22 विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्रों में जाकर दावेदारों की रायशुमारी करेंगे। मजबूत दावेदारों की सूची बनाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। जिसके बाद उन संभावित नामों में से फाइनल प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। इस बार गुजरात कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रघु शर्मा है। रघु शर्मा गहलोत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। प्रदेश प्रभारी बनाए जाने के बाद रघु शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

सासंद स्थानीय विकास योजना

# टंकी व पाइप लाइन का सांसद बोहरा ने किया लोकार्पण




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र बगरू के ग्राम लाखना में पीने के पानी की समस्या को दुर करने के लिये सासंद स्थानीय विकास योजना अन्तर्गत 10 लाख की लागत से निर्मित पानी की टंकी (एसएलआर) व उससे गांव को जोड़ने वाली पाइप लाइन का कार्य पूर्ण होने पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने आज मंगलवार को लोकार्पण किया। इस टंकी के निर्माण होने व पाइप लाइन से जोड़ने पर लाखना ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

सांसद बोहरा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा मुझे चुनकर भेजा है, इसलिये जनसेवा ही मेरा कर्त्तव्य है और आपकी समस्या के समाधान हेतु सदैव आपके साथ खड़ा हूॅ। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामवासियो को पानी की समस्या से निजात दिलवाने के लिए सांसद रामचरण बोहरा का आभार जताया। कार्यक्रम के इस अवसर पर जिला महामंत्री बृजेश लाटा, मुहाना मंडल अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पंचायत समिति सांगानेर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र शर्मा, सरपंच मनभर देवी, उपसरपंच कन्हैयालाल शर्मा वार्ड पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## जागरूक खबरें

### गुरु पूर्णिमा पर आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर का भव्य आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर के स्वयंसेवकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज समस्त जयपुरवासियों के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत आर्ट ऑफ लिविंग कैंपस (श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर, जयपुर) में सांय 5 बजे से होगी। सबसे पहले हैप्पीनेस प्रोग्राम प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को सुदर्शन क्रिया करवाई जायेगी। तत्पश्चात सांय 6:30 बजे सामूहिक गुरुपूजा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी अपने गुरुजनों के प्रति अपना आभार व्यक्त करेंगे। सांय 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक और सुमेरु संध्या सिंगर श्री गगन राठौड़ और टीम अपनी मधुर आवाज में सत्संग से गुरु संध्या में चार चांद लगाएंगे। कार्यक्रम का समापन सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी से होगा। आर्ट ऑफ लविंग राजस्थान मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ आभा पराशर ने बताया कि दो वर्ष बाद जयपुर वासियों के लिए इतना बड़े स्तर पर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।

### विद्यार्थी परिषद ने पौधरोपण कर मनाया स्थापना दिवस



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** भारत की सबसे बड़ी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई पीपाड़ शहर द्वारा सार्वजनिक जगह मोक्ष धाम पर वृक्षारोपण किया गया। छात्र नेताओं ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। लोग पर्व-त्योहार व निजी समारोह के अवसर पर वृक्षारोपण करें और उस पल को यादगार बनाएं। नगरमंत्री सीताराम टाक नानण ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने रचनात्मक व विद्यार्थी परिषद के स्थापना से लेकर अबतक कई बड़े आंदोलनों में सक्रि य रूप से भूमिका निभाई है। विद्यार्थी परिषद छात्र-छात्राओं के चौमुखी विकास व राष्ट्रीय हित की सोच एवं राष्ट्र निर्माण को लेकर विद्यार्थी परिषद 1949 से कॉलेज कैंपस में और समाज में काम कर रही हैं। नगरमंत्री ने कार्यकर्ताओ से कहा कि केवल पौधा लगाना ही हमारा कार्य नहीं है बल्कि इसकी देखरेख कर जिम्मेदारी से इनका संरक्षण करें। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकिशोर टाक,नगर इकाई उपाध्यक्ष रमेश कच्छावाह, नगर सहमंत्री प्रवीण सैनी व संजय परिहार, राजकीय महाविद्यालय छात्रनेता रामसिंह टाक, पन्नालाल मारोटिया, श्रवण मकवाना सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### जयपुर जिले के तीन उपखंडों में होंगे 34 करोड़ रूपए के पेयजल संबंधी कार्य

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जयपुर जिले में विभिन्न उपखंडों में करीब 34 करोड़ रूपए के पेयजल संबंधी कार्य होंगे। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में यहां राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति की बैठक में इन कार्यों से संबंधित निविदाओं को मंजूरी दी गई।

उदयपुर वासियों का प्यार फिर से खींच लाया आंचल को

### जादूई करिश्मे और मनोरंजन से साथ एक बार फिर धूम मचाएगी लेकसिटी


**उदयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर के सूचना केंद्र में लगातार 35 दिन तक हाउसफुल शो देने के बाद जनता की बेहद मांग पर उदयपुर की बेटी आंचल एक बार पुन: अपने नए हैरतअंगेज कारनामों के साथ सुखाड़िया रंगमंच, टाउन हॉल में धूम मचाने वाली है। उदयपुर की जनता एवं सैलानियों से मिले अपार स्नेह और आशीर्वाद को देखते हुए इस बार नए कारनामों के साथ आंचल बुधवार 13 जुलाई से सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल में अपना करिश्मा दिखाएगी। जादू शो के डायरेक्टर गिरधारी लाल कुमावत ने बताया कि बुधवार रात्रि 8 बजे होने वाले भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि समाजसेवी रविंद्र श्रीमाली, उदयपुर नगर निगम के उपमहापौर पारस सिंघवी एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर होंगे। कुमावत ने बताया कि जादू शो के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना एक शो रात्रि 8 बजे रहेगा तथा शनिवार को 2 शो शाम 5 बजे और रात्रि 8 बजे, जबकि रविवार व अन्य छुट्टी के दिन 3 शो, दिन में 2 बजे, शाम 5 बजे और रात्रि 8 बजे होंगे। अब तक देश विदेश में 12500 से ज्यादा स्टेज शो करने वाली आंचल के शो की मुख्य विशेषता यह है कि इस कार्यर्‍ म में बच्चों से लेकर महिलाओं एवं वरिष्ठजनों तक सब का भरपूर मनोरंजन होता है। अपने शो के दौरान आंचल कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जन जागृति करते हुए दर्शकों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का आग्रह जरूर करती है।

फ्री तीर्थ यात्रा के लिए आवेदनों की बाढ़

# 5 गुना से ज्यादा लाइन में, पशुपतिनाथ, रामेश्वरम धाम के लिए ज्यादा आवेदन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीनियर सिटीजन के लिए फ्री तीर्थ यात्रा के लिए सरकार को 25 दिन में 5 गुना आवेदन मिले हैं। लोगों ने सबसे ज्यादा पशुपतिनाथ जाने के लिए दिलचस्पी दिखाई है, इसके लिए 44 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है, जबकि दूसरे नंबर पर मदुरई के रामेश्वरम जाने के लिए लोगों ने सबसे ज्यादा आवेदन किए है। दरअसल सरकार सितम्बर-अक्टूबर में प्रदेशभर से 20 हजार लोगों को भारत-नेपाल के 15 तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाएगी। इसमें 14 तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए यात्रियों को ट्रेन से लेकर जाएंगे, जबकि नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ जाने वाले यात्रियों को हवाई जहाज से लेकर जाएंगे। आपको बता दें कि इस योजना के लिए 16 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसमें ट्रेन से 14 तीर्थ स्थलों पर जाने के लिए 62,815 आवेदन आए है, जिसमें 1 लाख 3 हजार 126 लोगों की डिटेल भेजी गई है।



### 2 हजार सीटों के लिए 22 गुना आवेदन

नेपाल के पशुपतिनाथ के लिए सरकार ने 2 हजार यात्रियों के लिए आवेदन मांगे थे, लेकिन इसके लिए 22 गुना से ज्यादा आवेदन आए है। इसके लिए 44 हजार 972 लोगों ने आवेदन किए है। ऐसे में अब इन सभी आवेदनों की जांच के बाद इनकी प्रायोरिटी लॉटरी निकाली जाएगी।

### रामेश्वरम के लिए भी लम्बी लाइन

पशुपतिनाथ के अलावा दक्षिण भारत के रामेश्वरम धाम के लिए भी लोगों की लम्बी लाइन है। ट्रेन से यात्रा करने वाले 14 तीर्थ स्थलों में रामेश्वरम के लिए 30 हजार 717 लोगों ने पहली प्राथमिकता दी है, जबकि जगन्नाथपुरी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है, जहां 14 हजार 412 लोगों ने रामेश्वरम के बाद दूसरी प्रायोरिटी में रखा है। बिहार शरीफ के लिए सबसे कम 71 लोगों ने पहली प्रायोरिटी दी है।

### जयपुर से सबसे ज्यादा और जैसलमेर से सबसे कम आवेदन

जिलेवार आवेदनों की स्थिति देखे तो सबसे ज्यादा जयपुर से आवेदन आए है। जयपुर में 6761 आवेदन आए है, जिसमें यात्रा के लिए 11207 लोगों की डिटेल आई है। जयपुर के अलावा झालावाड़, जोधपुर, कोटा और उदयपुर जिले में भी 3-3 हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। वहीं सबसे कम जैसलमेर से 165 आवेदन मिले है, जिसमें कुल 265 लोगों की डिटेल आई है।

# बच्चें बड़े सपनें देखे एवं कडी मेहनत का संकल्प ले- शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रामजीपुर कलां स्थित स्नेह आंगन इन्टरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाल संरक्षण मेला आयोजित हुआ जिसमें बाल अधिकारों से जुडे हुए मुद्दों पर बच्चों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। योजनाओं की जानकारी जादू के खेल के रोचक माध्यम से जादूगर लक्ष्यकार ने करतब दिखाये तो तालियों से पाण्डाल गूंज उठा। बेटियों के हौसलों पर आधारित शिक्षाप्रद फिल्म लाडली को देखकर लडकियां भावुक हुई यह नजारा रामजीपुर कलां स्थित स्नेह आंगन इन्टरनेशनल स्कूल में आयोजित बाल संरक्षण मेला में देखने को मिला।

अति. पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को जागरूक रहने के साथ ही सपने देखने की सीख दी। उनके एक सवाल पर किसी ने पुलिस तो किसी ने डॉक्टर तो किसी ने इंजीनियर बनने की हसरत जाहिर की। यूनिसेफ बाल संरक्षण विषेशज्ञ संजय निराला ने बच्चों के 7 संकल्प एवं अभियान के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

अभियान के संयोजक विपिन तिवारी ने अभियान के अन्तर्गत संचालित ग्राम भ्रमण कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी दी। यात्रा में चिन्हित किये गये मुंडियागढ़ के बावरिया परिवार जिनका आज तक आधार कार्ड नही बन पाया और मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे जिसके बारे में विकास अधिकारी छोटूराम मीणा को व्यथा बताई तो उन्होंने तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये।

इस अवसर पर निबन्ध, चित्रकला, नृत्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। इस आयोजन में सालगरामपुरा, रामजीपुर कलां, मूण्डियागढ, पचकोडिया सहित दर्जनों गांव के लोग और बच्चें उपस्थित थे। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रोहित जैन, ब्लाक शिक्षा अधिकारी आर.के तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राहित पडिहार, रोहित कुमार शर्मा, भावना उज्जवल निबन्ध प्रतियोगिता, यष मीणा, श्रीराम प्रजापत, परिधि चित्रकला प्रतियोगिता, मनिषा कुम्हार, दिषांत, जागृति जांगिड भाषण प्रतियोगिता, सोनम, अनुष्का, नन्दनी, अक्षिता, हर्ष, स्वीटी, नविता, निषा, रेषमा, प्रियंका, मीनू, कोमल, दृष्टि, कोमल, सोनू, महिमा, पायल, दिपिका, मोनिका ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लिया जिन्हें सम्मानित किया गया।

ANCHOR | गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# गुरुदेव को समर्पित है यह त्योहार, महर्षि वेदव्यास की करें पूजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आषाढ़ माह की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जाता है। आषाढ़ पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का जन्मदिवस भी है। यह पर्व उन्हीं को समर्पित है। महर्षि वेदव्यास ने वेद-पुराणों की रचना की। मान्यता है कि गुरु ही भगवान तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं। इसलिए गुरु को विशेष स्थान दिया गया है। अपने गुरुओं को महर्षि वेदव्यास जी का अंश मानकर इस दिन उनकी पूजा करें। गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेद व्यास जी द्वारा रचित ग्रंथों का अध्ययन-मनन करना चाहिए। महर्षि वेदव्यास जी सभी 18 पुराणों के रचयिता हैं। वेदों को विभाजित करने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। सुख-समृद्धि, नौकरी-व्यापार में उन्नति पाने के लिए यह त्योहार बहुत शुभ है। गुरु पूर्णिमा के दिन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में नारियल अर्पित करें। भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा करें। सामर्थ्य के अनुसार दान करें। पीली मिठाई-वस्त्रों का दान करें। जिन विद्यार्थियों को पढ़ाई में दिक्कत आ रही है वह गुरु पूर्णिमा के दिन गाय की सेवा करें। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु जी की पूजा कर उनका आशीर्वाद लें। उन्हें पीले वस्त्र भेंट करें। इस दिन माता-पिता, बड़े भाई-बहन की भी पूजा का विधान है। गुरु पूर्णिमा के दिन जरूरतमंदों को पीला अनाज दान करें। विद्यार्थियों को इस दिन गीता का पाठ करना चाहिए। वैवाहिक जीवन में परेशानी है तो गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु यंत्र को स्थापित कर विधिवत पूजा करनी चाहिए। नौकरी में तरक्की पाने के लिए गुरु पूर्णिमा के दिन पीली मिठाई प्रसाद के रूप में बांटें।

